

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 3 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-066 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


# आज कत्ल की रात

**रायपुर,3 जून। लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों तथा राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के लिए आज की रात कत्ल की है। चुनाव के नतीजें कल 4 जून को घोषित किए जाएंगे। प्रत्याशियों के खेमों में हलचल सी मची हुई है। हार जीत के जहां गणित लगाये जा रहे है वहीं जीत की उम्मीद पर जश्न की तैयारियां की जा रही है। कल पता चल जाएगा कि देश में किस पार्टी की सरकार बन रही है। वैसे सर्वत्र मोदी की हवा बह रही है। लिहाजा माना यह जा रहा है कि नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर काबिज रहेंगे। जवाहर लाल नेहरू के बाद वे ऐसे व्यक्ति होंगे जो 15 साल तक लगातार प्रधानमंत्री के पद बने रहेंगे।**

## भारत ने बनाया मतदान का विश्व रिकार्ड: आयोग




**नई दिल्ली,3 जून।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले इलेक्शन कमिशन ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान आयोग ने बताया कि देश भर में 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है और यह दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव रहा। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने सोशल मीडिया पर आलोचना और उसमें आयोग को 'लापता जेंटलमेन' नाम दिए जाने का भी जवाब दिया। राजीव कुमार ने निर्वाचन आयुक्तों को सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा 'लापता जेंटलमेन' नाम दिए जाने के संदर्भ में कहा कि 'हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे।' उन्होंने कहा, 'अब मीम बनाने वाले कह सकते हैं कि 'लापता जेंटलमैन' वापस आ गए हैं।'

मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतगणना में किसी प्रकार की हेराफेरी की संभावना से इंकार किया और कहा कि मतगणना केंद्रों पर उपद्रव करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने कहा कि भारतीय

### हम हमेशा यहीं थे, कभी नदारद नहीं रहे

चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। उन्होंने कहा कि हमने इस चुनाव में निष्पक्षता से काम किया और कई दलों के प्रतिनिधिमंडलों की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों को हल किया गया। राजीव कुमार ने कहा, '2024 के चुनाव के दौरान नकदी, मुफ्त में बांटी जाने वाली वस्तुओं, ड्रग्स और शराब सहित 10,000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जबकि 2019 में 3,500 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी।'

चुनाव में झड़पों को लेकर राजीव कुमार ने कहा कि मतदान के बाद संभावित हिंसा को रोकने के लिये पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में सुरक्षा बालों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन के दौरान हमने 'डीप फेक' और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा तैयार की गयी बनावटी सामग्री की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण किया। चुनाव आयुक्त ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान सभी विकास कार्य रुक जाते थे। निर्वाचन आयोग ने 95-98 फीसदी परियोजनाओं में अर्जियां मिलने के 48 घंटे के भीतर अनुमति दी। कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए करीब चार लाख वाहनों, 135 विशेष ट्रेनों और 1,692 उड़ानों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा, '2024 के आम चुनाव में केवल 39 पुनर्मतदान हुए जबकि 2019 में 540 पुनर्मतदान हुए थे।' सीईसी ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में चार दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ- कुल मिलाकर 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत। उन्होंने कहा, '2024 के चुनाव के दौरान नकदी, मुफ्त में बांटी जाने वाली वस्तुओं, ड्रग्स और शराब सहित 10,000 करोड़ रुपये की जब्ती की गई, जबकि 2019 में 3,500 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी।'

## पोस्टल बैलेट्स के साथ होगी मतगणना की शुरुआत

**त्रिस्तरीय होगी सुरक्षा व्यवस्था**



**रायपुर,3 जून।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया खत्म होने के बाद अब मतगणना की तैयारी है. छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि 4 जून को सुबह 8 बजे मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट्स के साथ होगी. प्रदेश के 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 94 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं.

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने पत्रकार वार्ता में मतगणना की तैयारियों के संबंध जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पहले पोस्टल बैलेट्स की गिनती 8 बजे से 8.30 तक होगी. 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 94 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं. 33 जिलों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना जिला मुख्यालय में होगी. उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे. कुछ लोकसभा क्षेत्र में 21 टेबल लगाया गया है. 12 से लेकर 24 राउंड तक मतगणना चलेगी. वहीं मतगणना के दौरान तीन लेयर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई है. इसके लिए राज्य में 33 केंद्रीय बल की कंपनी को तैनात किया गया है. रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि ग्यारह लोकसभा क्षेत्रों में नब्बे विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए 11 रिटर्निंग अधिकारी, 476 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 4362 गणना कर्मी और 1672 माइक्रो ऑब्ज़र्वर नियुक्त किए गए हैं. इसके अलावा मतगणना दिवस के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया गया है.

## बाढ़ की चपेट में असम तीन और लोगों की मौत

**गुवाहाटी,3 जून ।** असम में बाढ़ के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है और बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन और लोगों की मौत हो गई। राज्य में कई नए इलाके जलमग्न हो गए हैं। हालांकि एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या में मामूली कमी आयी है। इसमें कहा गया है कि राज्य में नदियां अब भी उफान पर हैं और विभिन्न इलाकों में प्रभावित लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक बुलेटिन में रविवार रात को बताया गया कि बाढ़ से 13 जिलों में 5,35,246 लोग अब भी प्रभावित हैं। शनिवार को 10 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 6,01,642 थी। कछार में दो और नागांव में एक व्यक्ति की मौत होने के साथ ही 28 मई से लेकर अब तक बाढ़ और तूफान में मारे गए लोगों की संख्या 18 हो गयी है।

एएसडीएमए के बुलेटिन के अनुसार, तीन प्रमुख नदियां कोपिली, बराक और कुशियारा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न जिलों में 39,000 से अधिक विस्थापित लोगों ने 193 राहत शिविरों में शरण ली है।

## होटल और स्पोर्ट्स सेंटर में भीषण आग

**अंबिकापुर,3 जून।** ट्रांसफार्मर में लगी आग ने भयावह रूप ले लिया है। स्पोर्ट्स सेंटर से होटल और कई घर आग की चपेट में आ गए। जिसके बाद पूरे इलाके को खाली कराया गया है।राहत एंव बचाव कार्य के लिए मौके पर एनडीआरफ और फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद है। होटल में कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद है। जानकारी के अनुसार आज सुबह 9.40 के आसपास आकाशवाणी चौक के समीप चोपड़ापारा स्थित राधे कृष्णा होटल और स्पोर्ट्स सेंटर में भीषण आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेजी से उठी कि होटल के पीछे स्थित घरों तक फैल गई। इस बीच अचानक घरों में आग की लपटें देख लोगों में हड़कंप मच गया। बताया गया कि ट्रांसफार्मर में लगी आग स्पोर्ट्स सेंटर तक फैली। वहीं देखते ही देखते होटल और इससे सटे घरों तक फैल गई। बताया गया कि इलाके में सभी घर एक दूसरे से लगे हुए हैं जिसके चलते आग तेजी से कई घरों को अपने चपेट में ले लिया। पानी की कमी के चलते आग पर काबू नहीं पाया गया। फिलहाल एनडीआरएफ की टीम ने इलाके के सभी घरों को खाली कराया गया। मौके पर जिला प्रशासन की टीम भी पहुंची हुई है। स्पोर्ट्स सेंटर में लगी आग की लपटे होटल तक पहुंच गई थी। खेल सामग्रियों के साथ जूते, कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैली है। इस बीच दो कर्मचारी होटल में फंस गए थे। जिसे बचाया गया। वहीं रहवासियों को भी आग के फैलने से पहले सावधान कर दिया गया। जिसके चलते अभी तक किसी की मौत की खबर नहीं है।



## दंपत्ति पर स्प्रे डालकर 11 लाख की चोरी

**महासमुंद,3 जून।** कोमाखान में एक बार फिर चोरों ने लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। यहां शातिर चोरों ने घर के कमरे में सो रहे दंपत्ति के आलमारी से करीब 11 लाख रुपए नगदी समेत सोने-चॉदी को पार किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस डाग स्कावयड की मदद से जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार सीताराम देवागंन के पुत्र रोहित और उनकी पत्नी एक 2 वर्षीय पुत्र कमरे में सो रहे थे। नींद खुली तो देखा कि अलमारी खुली थी, चोरों ने गहने समेत नगदी को पार कर दिया था। इसके अलावा बड़ा भाई भी बाजू वाले कमरे में सो रहा था, लेकिन किसी को किसी तरह की भनक नहीं लगी। संभावना जताई जा रही है कि चोरों ने किसी नशे स्प्रे का उपयोग कर दंपत्ति पर डाल दिया होगा!

बताया जा रहा बच्चे जब सुबह उठा तो उल्टी के साथ तेज बुखार लग गया था। डाक्टर के पास बच्चे को ले जाना पड़ा। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि नशे का स्प्रे छिड़काव की गई होगी। हालांकि अभी तक इस संबंध में पुलिस की तरफ से कोई बयान नहीं आया है। घटना स्थल पर पुलिस के आला अधिकारी के पहुंचने की भी खबर है।

## दर्दनाक हादसे में मासूम की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

**डोंगरगढ़,3 जून।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में रविवार रात एक सड़क हादसे में 3 साल की मासूम की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बच्ची को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे के बाद पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने मिलकर ट्रक को रोका और ड्राइवर को पुलिस के हवाले किया। इस घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, डोंगरगढ़ में खैरागढ़ से चिचोला जाने वाले मुख्य मार्ग में कचहरी चौक के मोड़ पर रविवार रात 7 बजे महाराष्ट्र पासिंग नम्बर की ट्रक ने ग्राम मुड़पार निवासी रूपेंद्र साहू की 3वर्ष की बच्ची को बेरहमी से रौंद दिया जिससे बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना को देख परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश रहा, लगभग 2 से 3 घंटा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम जैसी स्थिति बनी रही जिसे देखते हुए एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार समेत पूरा सरकारी अमला मामले को शान्त कराने घटना स्थल पहुँचा था। लेकिन आक्रोशित भीड़ शांत होने का नाम ही नहीं ले रही थी बड़ी मुश्किलों के बाद बच्ची के शव को सड़क से हटाया गया और पोस्ट मार्डम के लिए भेजा गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि, मूढ़पार निवासी रूपेंद्र साहू अपनी दो बच्चियों के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदार के घर जा रहा था। जहां डोंगरगढ़ कचहरी चौक के मोड़ पर महाराष्ट्र पासिंग ट्रक की चपेट में आ गये जिससे मोटर साइकिल सवार रूपेंद्र अपनी बच्चियों के साथ जमीन पर गिर पड़ा। लेकिन मासूम 3 साल की बच्ची का सिर टायर के नीचे आने से उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई वहीं दूसरी बच्ची के सिर पर गहरी चोट लगने की वजह से उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

## निर्वाचन कार्य में गड़बड़ी का आरोप देवेन्द्र ने कोर्ट जाने की दी चेतावनी



**बिलासपुर,3 जून**

मतगणना के पहले बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार और जिला निर्वाचन अधिकारी पर निर्वाचन कार्य में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाकर जांच की मांग की है, साथ ही उन्होंने मामले को लेकर कोर्ट जाने की चेतावनी भी दी है. जिला निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस प्रत्याशी के आरोपों को खारिज करते हुए निर्वाचन के सभी कार्य पारदर्शिता व नियमों के मुताबिक होने की बात कही है, तो बीजेपी नेता कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की बात कह रहे हैं. बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव ने कहा कि 2251 मतदान केंद्रों के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं. मिलान करने पर इनमें से 611 मतदान केंद्रों के प्रारूप 17 सी और बैलेट यूनिट के नंबरों में भिन्नता पाई गई. 206 बैलेट यूनिट में मुद्रित अल्फाबैटिक और न्यूमैरक नंबर में भिन्नता मिली है. 28 बैलेट यूनिट के नंबर अपूर्ण पाए गए.

41 बैलेट यूनिट में मुद्रित क्रम संख्या को विधिवत दर्ज नहीं किया गया. उन्होंने कहा कि बिलासपुर और मुंगेली निर्वाचन कार्यालय से कमिशनिंग मॉक पोल के द्वारा दिए गए दस्तावेज और मतदान दल द्वारा प्रदान की गई 17 सी का मिलान करने पर कुल 55 कंट्रोल यूनिट के नंबरों में भिन्नता मिली है, 10 कंट्रोल यूनिट के नंबर अपूर्ण थे, 7 कंट्रोल यूनिट का नंबर दर्ज ही नहीं था. उच्चतम न्यायालय में जिस वीवी पैट के संबंध में निर्वाचन आयोग को दिशा निर्देश दिए थे, उनका भी पालन नहीं हुआ. 135 वीवी पैट के नंबर में भिन्नता पाई गई, और कुल 11 वी वी पैट के नंबर दर्ज ही नहीं किए गए.

कांग्रेस प्रत्याशी ने बताया कि कोटा के 63, तखतपुर के 41, बिल्हा के 33, बिलासपुर के 42, बेलतरा के 44, मस्तूरी के 66, लोरमी के 51 और मुंगेली विधानसभा के 53 मतदान केंद्रों में गड़बड़ी हुई है. उन्होंने और उनकी विधिक टीम ने बीते 28 तारीख को ही इन बिंदुओं पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर, जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर, मुंगेली को विधिवत जानकारी दे दी है, और अभी तक कोई स्पष्टीकरण अप्राप्त है. इतने सब षड्यंत्र के बावजूद कांग्रेस की जीत को रोका नहीं जा सकता, क्योंकि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है.

## एग्जिट पोल पर क्या कहते हैं दुनिया भर के अखबार

**नई दिल्ली,3 जून।** भारत में लोकसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो चुकी है और मंगलवार को आने वाले नतीजों से पहले एग्जिट पोल भी आ चुके हैं जिसमें भाजपा एक बार बड़े बहुमत से जीतती नजर आ रही है. एग्जिट पोल में बताया जा रहा है कि भाजपा और गठबंधन पार्टियों को 361 से लेकर 401 तक सीटें मिल रही हैं. दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव की कवरेज पूरी दुनिया की मीडिया कर रही है और एग्जिट पोल पर भी दुनिया के सभी बड़े अखबारों, न्यूज वेबसाइटों ने रिपोर्ट प्रकाशित की हैं.

ब्रिटेन के बड़े अखबार द गार्डियन ने सोमवार, 3 जून को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि भारत में चल रहे चुनाव के मतदान खत्म हो चुके हैं और एग्जिट पोल में अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक रूप से तीसरा कार्यकाल जीतेंगे.

द गार्डियन ने आगे लिखा कि भारत के इतिहास का सबसे लंबा और सबसे बड़ा चुनाव जिसमें लगभग एक अरब मतदाता थे, अप्रैल में शुरू हुआ था. अखबार ने लिखा कि चुनाव लंबा चला जिस दौरान भारत में भयानक गर्मी देखने को मिली जिसमें दर्जनों लोगों और मतदान अधिकारियों की मौत हो गई.

अखबार आगे लिखता है, शनिवार रात को आए एग्जिट पोल के नतीजों में मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी जीत की तरफ बढ़ रहे हैं और वो संसद में बहुमत के लिए जरूरी दो तिहाई सीटों से भी आगे निकलते दिख रहे हैं. यह हिंदू राष्ट्रवादी नेता मोदी के लिए ऐतिहासिक जीत होगी जिन्होंने भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में महत्वपूर्ण तरीके से बदलाव किया है. जवाहरलाल नेहरू के बाद अब तक कोई भी प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार चुनाव नहीं जीता है. वहीं, ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन, बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एग्जिट पोल के नतीजे बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं. साथ ही बीबीसी ने विश्लेषकों के हवाले से यह भी कहा है कि अलग-अलग न्यूज एजेंसियों की तरफ से जारी एग्जिट पोल पूर्व में गलत भी साबित होते रहे हैं.

रिपोर्ट में लिखा गया है कि सरकार बनाने के लिए भारत में किसी भी पार्टी या गठबंधन के पास लोकसभा की 543 सीटों में से दो तिहाई यानी 272 सीटें मिलनी जरूरी हैं.

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि एग्जिट पोल के नतीजों से पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने वाले हैं. एक्सपर्ट्स के हवाले से चीनी अखबार ने लिखा कि मोदी जीत के बाद अपनी घरेलू राजनीति और विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं करेंगे और भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे. ग्लोबल टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से आगे लिखा है, चुनाव जीतने के बाद मोदी का ध्यान इस बात पर होगा कि भारत, अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने. मोदी डिप्लोमैटिक तरीके से विश्व में भारत का प्रभाव बढ़ाने की भी कोशिश करेंगे.

रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर Russia TV (RT) ने भी एग्जिट पोल के नतीजों पर एक रिपोर्ट छापी है. आरटी ने लिखा कि विभिन्न एग्जिट पोल के नतीजों में बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भारत के राष्ट्रीय चुनाव में भारी बहुमत से लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है. आधिकारिक रूप से मतगणना 4 जून को की जाएगी और तब चुनाव के नतीजे आधिकारिक रूप से घोषित किए जाएंगे.

आरटी ने लिखा, मोदी की यह जीत ऐतिहासिक होने वाली है क्योंकि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद कोई भी प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार पीएम नहीं बना. नेहरू लगभग 17 सालों तक सत्ता में बने रहे थे.

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने लिखा कि दो एग्जिट पोल का सारांश निकाला जाए तो भारत की सत्ताधारी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस लोकसभा की 543 सीटों में से 350 सीटें जीतती नजर आ रही है. बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है. डॉन ने आगे लिखा, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को लेकर एग्जिट पोल में कहा जा रहा है कि गठबंधन 120 सीटें जीतेगा. भारत में एग्जिट पोल का रिकॉर्ड खराब रहा है क्योंकि चुनाव के नतीजे अक्सर उन्हें गलत साबित करते रहे हैं. विश्लेषकों का कहना है कि भारत जैसे बड़े और विविधता भरे देश में एग्जिट पोल के जरिए चुनाव नतीजों का अनुमान लगा पाना एक बड़ी चुनौती है.

बांग्लादेश के प्रमुख अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार ने एग्जिट पोल पर आधारित अपनी खबर को शीर्षक दिया है- भारत के विपक्ष ने एग्जिट पोल के अनुमान को खारिज किया.

द डेली स्टार की रिपोर्ट में कहा गया, भारत के विपक्षी नेताओं ने उन एग्जिट पोल के अनुमानों को गलत बताया है जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री मोदी सत्ता में लौट रहे हैं. विपक्ष ने एग्जिट पोल को फर्जी करार दिया है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एग्जिट पोल नहीं है बल्कि यह मोदी मीडिया पोल है. इंडिया ब्लॉक को 295 सीटें मिल रही हैं. तुर्की के सरकारी ब्रॉडकास्टर टीआरटी वर्ल्ड ने एक रिपोर्ट में लिखा कि अलग-अलग मीडिया हाउस की तरफ से किए गए एग्जिट पोल के अनुसार, बीजेपी के नेतृत्व वाला NDA गठबंधन लोकसभा में दो तिहाई बहुमत हासिल कर सकती है.

टीआरटी वर्ल्ड ने लिखा, विशेषज्ञों और विश्लेषकों ने पहले ही चुनाव में मोदी के जीत की भविष्यवाणी कर दी थी.

## संक्षेप

### लू से गांव के 5 बुजुर्गों की एक ही दिन में मौत

**जांजगीर-चाम्पा,3 जून।** नगर पंचायत नवागढ़ में एक ही दिन 5 बुजुर्गों की मौत हो गई. बुजुर्ग मृतकों में 3 पुरुष और 2 महिला थी. एक दिन पहले भी 1 बुजुर्ग की मौत गई थी. इस तरह नवागढ़ में 2 दिनों में 6 लोगों की मौत हुई है. स्थानीय लोगों ने लू लगने से मौत होने की आशंका जताई है तो नवागढ़ बीएमओ डॉ. नरेश साहू ने कहा है कि बुजुर्गों को कोई न कोई बीमारी थी और कई लोगों का काफी वक्त से इलाज चल रहा था दरअसल, नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड 6, 8, 9, 12 और 13 वार्ड के 5 बुजुर्गों मिलाप केशरवानी, किशन देवांगन, सत्यम बाबा, खोलबहरा चौहान, फुल्की बाई और रामबाई की मौत हुई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि उल्टी होने के बाद सभी की तबियत बिगड़ी थी और 5 बुजुर्ग की मौत हो गई है।

### नर्सिंग कालेज की छत गिरी, मासूम की मौत

**रायगढ़,3 जून।** नवतपा में बदले मौसम का मिजाज ने शहर के लिए आफत और कहर बनकर बरसा है। जिसमें आंधी तूफान से नर्सिंग कालेज का क्रांक्रीट स्लैब बालक के उपर गिरने से उसकी मौत होने का मामला सामने आया है जबकि ढाई साल का एक बच्चा बुरी तरह से चोटिल होने से मेट्रो में भर्ती है। यह ह्रदय विदारक दुर्घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चिटकाकनी की है। जानकारी के मुताबिक योगेश साहू उम्र तकरीबन 35 साल सारंगढ बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम कोसीर रक्सा गांव में रहता है। योगेश पेशे से रोजी मजदूरी का कार्य करता है, वह सपत्नीक दो बच्चे के साथ नर्सिंग कालेज ग्राम चिटकाकानी में कुछ माह से मजदूरी का कार्य वहां रहकर कर रहा था। वहीं सपत्नीक शनिवार को काम खत्म करने के बाद वे शाम को बैठे थे। इसी बीच आंधी तूफान आने से नर्सिंग कालेज का छत गिर गया। छत का मलबा योगेश के 6 वर्षीय बालक मयंक तथा उसके ढाई साल के भाई पर भरभरा कर गिर गया। इस हादसे में दोनो भाई जब तक संभल पाते और स्वजन कुछ हरकत करते तब तक अनहोनी हो गई थी। जहां मयंक के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई वही उसका छोटा भाई चोटिल हो गया है। जिसे सघन उपचार के लिए मेट्रो में भर्ती किया गया है। फिलहाल चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली है।

### नतीजों से पहले जेपी नड्डा के आवास पर बड़ी बैठक

**नई दिल्ली,3 जून।** भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के आवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक लोकसभा चुनाव नतीजों की घोषणा से एक दिन पहले हुई है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। अन्य उपस्थित लोगों में विनोद तावड़े, मनोहर लाल खट्टर, अश्विनी वैष्णव, तरुण चुघ, शिव प्रकाश, मनसुख मंडाविया और बीएल संतोष थे। समझा जाता है कि उन्होंने एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की बड़ी जीत की भविष्यवाणी के बाद मौजूदा राजनीतिक स्थिति का जायजा लिया है,और विपक्षी इंडी ब्लॉक की बैठकों की श्रृंखला ने पूर्वानुमानों को खारिज कर दिया है और अपने दावे पर अड़े हुए हैं कि प्रधा मंत्री नरेंद्र मोदी- के नेतृत्व वाली सरकार अपने रास्ते पर है। हालांकि बैठक के बारे में भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन समझा जाता है कि इसके वरिष्ठ नेताओं ने विपक्ष से मुकाबला करने की रणनीति पर भी विचार-मंथन किया। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से संपर्क किया था और कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर भारत की चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था और आयोग से वोटों की गिनती के दौरान ÷हिंसा और अशांति÷ के किसी भी प्रयास को रोकने का आग्रह किया था।

### बंगाल में चुनाव रिजल्ट के बाद हिंसा की आशंका

**19 जून तक राज्य में तैनात रहेंगे केंद्रीय बल**

**कोलकाता,3 जून।** भारत चुनाव आयोग ने राज्य से चुनाव के बाद की हिंसा को ध्यान में रखते हुए, वोटों की गिनती के बाद 15 और दिनों के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों को तैनात करने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केंद्रीय बलों की लगभग 400 कंपनियां 19 जून तक बंगाल में रहेंगी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैनाती मुख्य रूप से हिंसा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में की जाएगी। पहले 6 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती होनी थी. वोटों की गिनती 4 जून, मंगलवार को होगी। , जिन्होंने आरोपों से इनकार किया है। उत्तरी काशीपुर थाने पर बम फेंके गए। आरोप है कि दो टीएमसी कार्यकर्ताओं की पिटाई की गई, लेकिन आईएसएफ ने इस घटना में अपनी भूमिका से इनकार किया है।

## एक नजर

### रिटायर बैंक कर्मी से डेढ़ करोड़ की ठगी

**भिलाई, 3 जून।** भिलाई रिटायर्ड बीएसपी अफसर के बाद इस बार बैंक आफ बड़ोदा बैंक के रिटायर्ड कर्मी को झांसे में लेकर शेयर ट्रेडिंग के लिए अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराकर 15 बार में कर ली। रिपोर्ट पर भिलाईनगर थाना पुलिस ने मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि आमदी नगर हुडको सेक्टर निवासी सुरेश चिदंबरम (60वर्ष)बैंक आफ बड़ोदा से रिटायर्ड हैं। दो महीने पहले 25 मार्च को उनके वाट्सएप एक अनजान नंबर से लिंक आया, जिसे ओपन करने पर उनका नंबर एक वाट्सप ग्रुप में जुड़ गया। उस ग्रुप के माध्यम से उनकी पहचान बावा सिंह नाम के व्यक्ति से हुई। बावा सिंह ने उन्हें ऐप के माध्यम से आनलाइन ट्रेडिंग स्कूल ज्वाइन करने के लिए कहा, जहां जॉन पीटर हस्मन नाम के दूसरे व्यक्ति ने शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी दी। साथ ही खुद को सेबी से रजिस्टर्ड बताया। उसने फिर बावा सिंह से सम्पर्क करने के लिए कहा। उसने ट्रेडिंग करने की प्रक्रिया बताई और उसका डीमेट अकाउंट खुलवा दिया। इसके बाद ट्रेडिंग के लिए रकम जमा करने के लिए कहा। पिछले माह 9 अप्रैल को 2 लाख रुपए जमा करा दी। इस तरह करीब महीनेभर के अंदर 15 अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1 करोड़ 58 लाख रुपए जमा करा दिए।

### परिचित की कार बेच दी,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 3 जून।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत फाइनेंस पर खरीदी कार और स्कूटी को एक युवक के परिचित ने कार को किराए पर चलाने का झांसा देकर दूसरे को बेच दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 420,406,34 के तहत अपराध दर्ज कराई है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी रसमड़ा निवासी पंकज साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सांई नगर उरला निवासी जय कुमार चौहान उसकी पुरानी जान पहचान थी। कुछ महीने पहले जय चौहान ने उसे प्रस्ताव दिया कि यदि वह उसे कार फाइनेंस कराकर दे देगा तो किराए के रूप में उसे हर माह मात्र 30 हजार रुपए देगा। उसकी बातों पर विश्वास कर प्रार्थी ने एक कार फाइनेंस करा ली। गाड़ी आने के बाद इस वर्ष 23 फरवरी को उसने जय के साथ किराएनामा तैयार किया, जिसमें बतौर एडवांस जय कुमार को उसे 4.50 लाख रुपए देने थे, लेकिन उसने सिर्फ 30 हजार रुपए थमा दिए। इस पर जब उसने 4.50 लाख रुपए मांगे तो कुछ दिन की मोहलत मांगी। लेकिन इसी बीच जय कुमार ने उसके दस्तावेजों पर एक स्कूटी और फाइनेंस करा ली। कुछ दिन बाद जय चौहान उसे दुर्ग बुलाया, जहां पर एक इकरारनामा तैयार किया गया। उसे बिना पढ़ाए मुझसे हस्ताक्षर करा लिया जय चौहान एवं सूरज ने मिलकर 80 हजार रुपए में स्कूटी बेच दी है इसके अलावा कार को सूरज यादव व जय चौहान ने 1 लाख 50 हजार में बेचा ।

### दुकान में चोरी, तीन पकड़ाए



**भिलाई, 3 जून।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र कांट्रेक्टर के दुकान में चोरी करने वाली महिला सहित दो नाबालिग को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी हिटगन मशीन, कटर मशीन, ड्रील मशीन, हाथ रंदा, एल्युमिनियम सेक्सन एवं अन्य सामान बरामद कर लिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि शांति नगर सुपेला निवासी नवीन शर्मा (38वर्ष) कांट्रेक्टर है। उनकी विश्वकर्मा ट्रेडर्स के नाम से सुपेला में दुकान है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 मई की रात को अपनी दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था अगले दिन सुबह 9 बजे आकर देखा तो दुकान के पीछे का शटर का ताला टूटा था दुकान से 1 नग रंदा मशीन, 2 नग हिटगन मशीन, 1 कटर मशीन, 1 ड्रिल मशीन, 1 हाथ रंदा, आरी, पक्कड एल्युमिनियम सेक्शन व अन्य लोहारी सामान अज्ञात चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि संजय नगर, कृष्णा नगर के रहने वाले दो नाबालिग एक महिला के साथ मिलकर दुकान में चोरी की है मुखबीर सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर झामिन बाई उर्फ रानी (28 वर्ष) निवासी सुपेला के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया है आरोपियों के पास से चोरी का सामान जब्त कर लिया है ।

### शराब भट्ठी के पास लाश मिली

**भिलाई, 3 जून।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र 2 कि. मी. के दूरी पर शराब भट्टी हैं उसी के पास गौठान हैं वही मिला अज्ञात डिकम्पोज लाश अंडा से रिसामा फुण्डा रोड में शराब भट्टी के पास अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अंडा के गौठान के तार घेरा के पास अधजली डीकंपोज हो चुकी बॉडी मिली है पुरे पास गांव में सनसनी फैल गई है घटना स्थल पर अंडा थाना पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। क्राइम और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर मौजूद है लोगों की भी जमघट लगी है जिसे नियंत्रित भी की जा रही है अंडा पुलिस व्दारा पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा गया और आगे जांच में अंडा पुलिस जुटी हुई हैं।

### 30 जून तक बाल श्रम रोकने अभियान

**दुर्ग, 3 जून ।** जिले में बाल किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय बचाव एवं पुनर्वास अभियान 01 जून से 30 जून 2024 तक किया जाना है। इस संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 12 जून 2024 को विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले के छोटे और बड़े प्रतिष्ठानों जैसे कारखानों, ढाबों, उद्योगों, होटलों, दुकानों संगठित और असंगठित क्षेत्रों जैसे खदानों, ईंटों सहित विभिन्न बाल श्रम क्षेत्रों से लगे बच्चों और किशोरों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। भटठे, ऑटो मोबाईल, कूड़ा बिनने वाले, स्कैप बाजार, मैकेनिक की दुकानों और निर्माण स्थल पर भ्रमण एवं निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार जिले में 01 जून 2024 से उक्त अभियान का प्रारंभ विभिन्न जगहों जैसे गंजपारा, पुलगांव चौक, महाराजा चौक, बोरसी, बस स्टैण्ड में स्थित होटलों, ढाबों, आटो मोबाईल, मैकेनिक की दुकानों इत्यादि स्थानों में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड हेल्प लाईन दुर्ग के टीम द्वारा भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

# कबीर ने जीवन जीने के रास्ते बताये,कबीर के दोहे आज भी प्रसंगिक है:विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 3 जून।** ग्राम सेलूद के बावाकुटी में श्री कबीर आश्रम के तत्वाधान मे दो दिवसीय विशाल सत्संग समागम व भोजन भंडारा कार्यक्रम हर्ष व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन के अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि कबीर ने जीवन जीने की बाते बताई है । कबीर के दोहे आज भी प्रासंगिक है । आश्रम के कार्यक्रम में प्रतिवर्ष आने के लिए लालियत रहते है आश्रम के संतो और पंथ के लोगों का प्रेम दुलार हमेशा मिलता रहा है । अतिथि के रुप में छग साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, दूर्ग जिला भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, सेलूद सरपंच खेमिन साहू, तहसील साहू समाज रिसाली के अध्यक्ष सन्तोष कुमार साहू, तहसील साहू संघ दुर्ग शहर अध्यक्ष पोषण साहू, सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत साहेब शास्त्री के दिशा निर्देशन मे प्रथम सत्र मे पूज्य सन्त गुरुजनों द्वारा ब्रम्ह मुहूर्त में गुरु महिमा का पाठ प्रातः 9 बजे से भोजन प्रसाद सुरु हुआ। प्रातः 9.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक सन्त महापुरुषों के द्वारा भजन, सतसंग, प्रवचन भक्तों द्वारा भेंट बन्दगी पश्चात् भोजन भण्डारा हुआ। संध्या 4 बजे सात्विक महायज्ञ, चौका आरती, स्थानाधिपति पूज्य महन्त साहेब के कर कमलों से एवं पधारे हुए पूज्य महन्त साहेबों, सन्तों, महापुरुषों की भेंट बिदाई व आभार का कार्यक्रम हुआ।स्थानाधिपति महन्त साहित्य वेदान्ताचार्य साहेब सुकृत साहेब शास्त्री के सानिध्य में संत समागम में प्रवचन देने वैराग्यवान सन्त भूषण साहेब दिल्ली-हरिद्वार के मध्य मेरठ जिला (उत्तर प्रदेश) से, परमपूज्य म. पंचम साहेब शास्त्री कबीर आश्रम लिमतरा से, प. पू. म. श्रीराम साहेब कबीर आश्रम अरसनारा से, प.पू. मं. राधेश्याम शास्त्री साहेब जी कबीर आश्रम नवागांव, संगीत कलाकार ओजस्वी प्रवक्ता मं. अन्तराम साहेब भिलाई सहित अन्य सन्तगणशामिल हुए । विशाल संत समागम समारोह में श्री कबीर आश्रम सेलूद के अध्यक्ष संत भूपत् साहेब,संचालक छोटे महंत परमेश्वर साहेब,कोठारी संत हितु साहेब,भंडारी दीवान हीरा साहेब,संत सुखनन्दन साहेब,गायक् भेलसिह साहेब( हारमोनियम वादक )सन्त राजू( नाल वादक )भुनेस्वर साहेब( तबका वादक )संत डेहर दास साहेब( ट्रस्टी )एल डी.हिरवानी, बालक दास,रमेश साहू, नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, ग्राम पंचायत सेलूद की सरपंच खेमिन साहू, सन्तोष कुमार साहू, यशवन्त साहू, रमेश देवागन, हरप्रसाद आडिल, प्यारेलाल साहु, कौशल बनपेला , खेमलाल साहू, टी पी शर्मा, लालजी साहू, बृजमोहन साहू तारेन्द्र बंछोर, गोविंद साहू, कृष्ण कुमार साहू, लेखराम साहू भुनेश्वरी साहू, दिलेश्वरी देवाँगन टिकेश्वरी साहू सहित विशाल सन्तगण एवं श्रोता समाज शामिल हुए।

## सेल-बीएसपी के साबरमती वेल्डिंग प्लांट ने किया लॉन्ग रेल का डिस्पैच



**भिलाई, 3 जून ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) ने मई 2024 में भारतीय रेलवे को पांच रेक में 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल भेज कर एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है, जो अब तक किसी भी महीने में भेजी गई सबसे अधिक रेक भेजने की संख्या है। वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में साबरमती स्थित एफबीडब्ल्यूपी से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की कुल सात रेक भेजी गई है। इसमें अप्रैल 2024 में दो रेक भेजे गए और मई 2024 में पांच रेक भेजे गए। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के 12 रेक भेजे गए थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहले ही सात रेक भेजे जाने के साथ, अब तक एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को कुल 19 रेक भेजे जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र और रांची स्थित सेल के अनुसंधान विंग आरडीसीआईएस की कई टीमों ने साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी को प्रारंभ करने के लिए कई चुनौतियों का समना किया, जिसमें सेल के मार्केटिंग विंग सीएमओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों का पहला रेक साबरमती संयंत्र से नवंबर 2023 को भेजा गया था। एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी की रेल और स्ट्रक्चरल मिल द्वारा, 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के उपयोग से सेल-बीएसपी से 260 मीटर लंबी रेल की आपूर्ति को बढ़ाने में मदद मिली है। इसके लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने साबरमती वेल्डिंग प्लांट का संचालन और रखरखाव करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

## राष्ट्रीय वेक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम चल रहा युद्ध स्तर पर



भिलाई, 3 जून । नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण फाईट द बाईट के तहत विभिन्न कॉलोनी एवं बस्तियों में कार्यक्रम युद्ध स्तर पर संचालित हो रहा है, निगम भिलाई क्षेत्र में वार्ड 40 छावनी के घरों में मौसमी बीमारियों से रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक कर घरों के कुलर, गमला,टायर, पानी की टंकी में जमा पानी की जांच कर टेमिफोस का स्प्रे किया जा रहा है एवं नाली में मैलाथियान एवं जला ऑइल डाला जा रहा है! इस संबंध में मोहल्ले के लोगों को बुला करके उसे पर समझाइए भी दी जा रही है कि अपने घरों में कैसे जल जनित रोगों से बचने के लिए उपचार करें आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी लोगों से अपील की है कि जो दवाई आपके घरों में दी जा रही है उसका समुचित उपयोग करें जरूरत पड़ने पर और भी दवा दी जाएगी। जागरूक बने अपने घरों में भी जले हुए तेल मिल चला हुआ तेल जला हुआ मिल इत्यादि डाल करके आप रोक सकते हैं डेंगू के मच्छर हमेशा साफ पानी में फैलते हैं यह दिन के समय ही काटते हैं सावधानी ही बचाव है । डेंगू मच्छर के लार्वा हमेशा साफ पानी में अपने घरों के इर्द-गिर्द ही पनपते हैं पनपना से पहले नहीं मार दिए जाएंगे तो यह कई गुना होकर के बीमारी पैदा करते हैं । कुछ लोग ऐसे भी हैं जो बहुत समझाने के बाद भी अपने घरों में दवा रख लेते हैं, लेकिन उसका छिड़काव नहीं करते , पानी में नहीं डालते हैं, निगम के कर्मचारी चेक करते हैं तो जैसा दिया गया था वैसे ही पड़ा रहता है यह गलत है ।

# प्रकृति की रक्षा और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म : कौशल्या साय




भिलाई, 3 जून। कबीर नगर उरला में 626 वीं सतगुरु कबीर स्मृति महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय शामिल हुई और हिंदुत्व और गुरुत्व पर उपस्थित जनों को संबोधित किये। कबीर पंथ के संतो ने सद्गुरु कबीर साहेब जी विचार, सामाजिक उत्थान और मानवता के लिए कार्य को बताते हुए कहा की विभिन्न प्रकार के समस्याओं का हल कबीर की वाणी में है। कबीर स्मृति महोत्सव में पहुंची श्रीमती कौशिल्या देवी साय ने कहा की प्रकृति की रक्षा और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। भूखे को भोजन देना, प्यासे को पानी पिलाना दूसरे के दुख में मदद करना भी धर्म का काम है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद से ही सफलता मिलती है। हमारे कर्म और व्यवहार से ही हमें समाज में स्थान मिलता है। संत समागम का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है, सद्गुरु कबीर जी ने समाज में ऊंच नीच का भेदभाव मिटाया और सामाजिक समरसता को लेकर किये कार्य आज भी प्रासंगिक है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा की सनातन ही सबसे बड़ा धर्म है। अपने धर्म पर गर्व करते धर्म की रक्षा के लिए आगे आने कहा। कबीर साहेब ने अपने विचारों से शांति के लिए भटक रहे लोगों को जोड़कर धर्म की राह पर लाये। इसके पूर्व आचार्य पंथ श्री मंगल साहेब और आश्रम के संस्थापक पूर्णनेंद्र दास ने कहा की कबीर के विचारों को बताते हुए कहा की वेद पढ़ने आए या ना आए वेदना पढ़ना जरूर आना चाहिए। बिना गुरु के जीवन में सफलता नहीं मिलती। सभी धर्म के महापुरुषों ने भी बताया है कबीर साहेब की वाणी में विभिन्न समस्याओं का हल है। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद बृजलाल पटेल, कुलेश्वर साहू, कांशीराम कोसरे, शिवेंद्र परिहार, पूर्व पार्षद लीलाधर पाल, अभिषेक उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण जारी

**भिलाई, 3 जून ।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए ,आने वाले समय में पानी की आवश्यकता बढ़ते ही जा रही है, उसकी पूर्ति करने के लिए नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बरसात के जल को संरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है । जगह-जगह पर सार्वजनिक स्थलों पर, पार्कों में, कॉलोनी में ,निगम के भवनों में एवं अन्य स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पीट का निर्माण किया जा रहा है किस प्रकार से हम पानी बचा सकते हैं सर्वप्रथम छत से गिरने वाला पानी पार्कों में बहने वाला पानी या अन्य स्थलों का पानी को हम एक चार बाय कर का 5 फीट का गड्ढा बनाकर उसमें बजरी गिट्टी ईट के टुकड़े द रेट रेती डाल करके ढक डी उसमें वर्ष का जल गिरने दे धीरे-धीरे जल धरती में समाते जाएगा और जलस्तर बढ़ जाएगा । बस इतना ही करना है आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि बिल्डिंग का भवन पूर्णता देने से पहले चेक किया जाता है कि उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाया है कि नहीं कुछ लोग हैं शुरू में दिखाने के लिए बना लेते हैं बाद में बंद कर देते हैं हमारे अधिकारी जाकर चेक करते हैं तो पता चलता है रैना रेन वाटर हार्वेस्टिंग बंद हो चुका है यह अपनों के साथ धोखा है । इसी संबंध में सेमिनार रख करके लोगों को समझाइए दी जा रही है कि अपने बरसात के पानी को कैसे संरक्षित करें पानी हमारे लिए अमृत के समान है जिसे उसे बचा के रखना भविष्य के लिए, हमें आवश्यक है अभी पानी की कितनी मारामारी है अगर हम पानी को नहीं बचाएंगे तो आने वाले समय में स्थिति और बिगड़ जाएगी ।

## छावनी चौक से एसीसी चौक के मध्य हटाए गए कब्जे

**भिलाई, 3 जून ।** भिलाई नगर पालिका निगम छावनी चौक से एसीसी चौक के मध्य नंदनी रोड मुख्य मार्ग के समीप स्थित व्यवसायियों द्वारा किए गए नाली के ऊपर अतिक्रमण को बेदखली कार्यवाही कर 8 अतिक्रमण को हटाया गया, लगभग 270 मीटर नाली को सफाई किए जाने सीमेंट कंक्रीट से ढकी हुई नाली को खोला गया उक्त कार्यवाही के दौरान व्यवसायियों द्वारा विरोध किया जा रहा था व्यवसायियों को बारिश पूर्व नालियों कि सफाई किए जाने की जानकारी देते हुए कार्य को सम्पन्न किया गया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारी सहयोग कर रहे थे कुछ लोग विरोध भी कर रहे थे लेकिन बहुत लोगों का मानना था पानी निकासी के लिए या जरूरी है स्थानिक जन्म प्रतिनिधि भी इसमें सहयोग कर रहे थे कार्रवाई के दौरान तोडफ़ोड़ प्रभारी अधिकारी बालकृष्ण नायडू, राजस्व अधिकारी नगर निगम के सब इंजीनियर सुपरवाइजर इत्यादि उपस्थित रहे 7 यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा 7 आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सब लोगों से अपील की है कि नालियों के ऊपर कब्जा स्वयं हटा लेवे अन्यथा कार्रवाई की जाएगी इसमें जो भी नुकसान होगा उसके जिम्मेदार आप सब स्वयं होंगे।

### सेक्टर-6 में शनि जयंती महोत्सव 6 को

**भिलाई, 3 जून ।** शनेश्वर धाम शनि मंदिर सेवा समिति द्वारा सेक्टर-6 ए मार्केट के पास शनि मन्दिर परिसर में शनि जयंती के अवसर पर आचार्य पंडित रविशंकर मिश्रा के सानिध्य व पंडित गोविंद प्रसाद शर्मा की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, वेदी पूजन, शनिदेव का तेल अभिषेक, पूजा, पंच कुंडीय यज्ञ और आरती की जाएगी। दोपहर 1 बजे हवन और पूर्णाहुति व शनिदेव को भोग लगाने पश्चात 2 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। संध्या 7 बजे आचार्य सुनील द्विवेदी जी ( वृंदावन वाले ) और उनकी मंडली द्वारा महाआरती एवं भजन किया जाएगा। भजन संध्या पश्चात प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह जानकारी समिति के संस्थापक सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू द्वारा दी गई साथ ही समस्त भिलाई वासियों को कार्यक्रम में आने आमंत्रण दिया है।

## बीएसपी प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**भिलाई, 3 जून ।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई 2024 माह में सेवानिवृत्त हुए मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार के लिए बीएसपी बिरादरी ने एक विदाई समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन इस्पात भवन के डीआईसी कांफ्रेंस हॉल में किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी ने, सेवानिवृत्त हो रहे तपन कुमार को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती अर्चना कुमार, उनके बेटे और बेटी भी उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने बीएसपी बिरादरी की ओर से श्री तपन कुमार को विदाई देते हुए सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। तपन कुमार को भिलाई इस्पात संयंत्र में 37 वर्षों की सेवा के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया। तपन कुमार ने बीएसपी एवं स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

# ब्राह्मण इसलिए पूज्य है क्योंकि वह सब समाज के हित के बारे में सोचता है:प्रेमप्रकाश




भिलाई, 3 जून । सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की वार्षिक आम सभा एवं समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन कार्यक्रम रविवार 2 जून को सेक्टर-6 में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय एवं रायपुर सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला उपस्थित थे। शुरुवात भगवान ब्रह्मा देव के तेल चित्र पर माल्यार्पण पूजन करके किया गया। पंडित हरे कृष्ण पांडे ने मंत्रोचार द्वारा पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वार्षिक आम सभा को समाज के महासचिव राम लखन मिश्रा ने संबोधित करते हुए समाज के गत वर्ष 2022-2023 के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया। संचालन सुनील मिश्रा सचिव ने किया। पत्रिका प्रकाशन प्रभारी,उपाध्यक्ष नागेंद्र पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेमप्रकाश पांडेय ने कहा कि समाज ने आज जो पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम किया है वह सबके लिए अच्छा हो अच्छे परिवार का मेल मिलाप हो, यह एक अच्छा माध्यम साबित हो। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण इसलिए पूज्य होता है क्योंकि वह सब समाज के हित के बारे में सोचता है। ज्ञान, शिक्षा देना हमारा मुख्य कर्तव्य है। चाणक्य, द्रोण सहित अन्य कई मनीषियों ने इस भारतवर्ष ही नहीं पूरे विश्व कल्याण के बारे में सोच रखी। सबका हित, सबका भला सबको सहयोग, कैसा हो कि मूल भावना से प्रेरित होकर कार्य किया है। हमारा भिलाई लघु भारत का केंद्र है जिसमे सारे जाति धर्म भाषा के लोग आपसी प्रेम, भाईचारा के साथ रहते हैं। ठीक उसी तरह ब्राह्मण समाज भी सभी के सहयोग का भाव रखता है। अपनी मातृभूमि की सेवा का संकल्प ब्राह्मण समाज आज इस अवसर पर ले और समाज ही नहीं सबकी चिंता करते हुए सेवा भाव करते हुए समाज के निर्धन परिवार का उत्थान करे, यह संकल्प लें। समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि आज समाज को और मजबूत और संगठित होने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज सदैव अन्य समाज को दिशा दिखाने का कार्य करता आया है। ज्ञान, विज्ञान, शास्त्र, शस्त्र सभी का मार्गदर्शन दिया है, लेकिन कुछ तत्व ऐसे हैं कि आज राम का अस्तित्व सनातनी हिन्दू धर्म पर कटाक्ष करते हैं और ऐसे तत्वों को कड़ा जवाब ब्राह्मण सहित समस्त हिन्दू समाज को देना चाहिए। कार्यक्रम में राम शंकर पांडे, के एल तिवारी, अनिल शुक्ला, संजय पांडे, सनत पांडे, महेश तिवारी, प्रीति, राहुल दुबे, रीता शर्मा, स्वीटी कौशिक, चंद्रशेखर पांडेय, डॉक्टर अखिलेश त्रिपाठी, रूखमणी मिश्रा, विष्णु पाठक, संजय पांडे, स्वरूप लता पांडे, लालिमा तिवारी, एकता मिश्रा, रीना दुबे, अंजू तिवारी, डॉक्टर गणेश पांडे, प्रतिमा तिवारी, रामायण मिश्रा, विमला मिश्रा, किरण दुबे, अन्नू पांडे, रश्मि दुबे, अनीता पांडे, दिनेश त्रिपाठी, नर्मदा प्रसाद मिश्र, संजय मिश्रा, मुंटुन चौबे, कमलेश दुबे, प्रदीप चंद्र पांडे, विजय मिश्रा, शशि तिवारी, दिनेश प्रसाद मिश्र, आशा शर्मा, मंजू पांडे, वीना दुबे, रेखा शर्मा, मीना त्रिपाठी, ममता मिश्रा, आर के पांडे, को अंसुमान तिवारी, कनक मिश्रा, विद्यकर उपाध्याय, रामविलास मिश्रा, एच एल शुक्ला, सतीश चंद्र पांडे, कार्तिक पांडे, अरविंद तिवारी, कमलेश दुबे, सोमेश त्रिवेदी, राकेश शुक्ला, लक्ष्मी कांत तिवारी, वीरेंद्र नाथ पांडेय, एन एन पांडे, संतोष मिश्रा, ऋषि मिश्रा, आशीष पांडे, ममता मिश्रा, शशि प्रभा मिश्रा, समिता तिवारी, योगेंद्र तिवारी, मदन मिश्रा, सुरेश आर तिवारी, बी पी शुक्ला, बलिराम त्रिपाठी, बसंत शुक्ला, सविता त्रिपाठी, प्रदीप भट्टाचार्य, श्याम तिवारी, प्रवीण पाण्डेय, पूनम उपाध्याय, अमोलक तिवारी, हरिशंकर चतुर्वेदी, अखिलेश मिश्रा, शिवराज शुक्ला, डॉक्टर सी पी दिवेदी, पियूष शुक्ला, राहुल दुबे, डॉक्टर तरुण पांडे, बृज मोहन तिवारी, रजनी कांत पांडे, कृष्ण भगवान तिवारी, अनुपमा शुक्ला, तिलक धर दुबे, गंगा राम चोबे, विवेक प्रकाश शर्मा, सोमेश, सतीश त्रिपाठी, बे एस शर्मा, मनोज पांडे, एस के गौतम, त्रिलोक मिश्रा, शुभांगी मिश्रा, श्रेया चौबे, अरुण मिश्रा विनय मिश्रा, अभिषेक पांडे सहित समस्त सरयु पारीण ब्राह्मण समाज के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया

**रायपुर 3 जून।** अपनी तरह की अनूठी पहल करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़, विकसित भारत की संकल्पना के अपने विजन के क्रियान्वयन के लिए आईआईएम एवं देश भर की प्रतिष्ठित संस्थाओं के विषय विशेषज्ञों के साथ मंथन किया। रायपुर आईआईएम में आयोजित इस दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने किया। शिविर में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगियों ने भी हिस्सा लिया। इस तरह से देश में विषय विशेषज्ञों के साथ बौद्धिक विमर्श और चिंतन शिविर गुजरात में आयोजित किया गया था। इसके बाद देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी राज्य का पूरा मंत्रिमंडल प्रदेश को संवारने एवं विकास को नया आयाम देने विद्यार्थी भाव से विचारविमर्श करने जुटा है और अपने क्षेत्र के माने हुए विषय विशेषज्ञों से संवाद कर रहा है। प्रदेश के नेतृत्व द्वारा इस तरह से अनूठी पहल करते हुए विशेषज्ञों से बौद्धिक



विचार-विमर्श कर प्रदेश को संवारने के लिए आज सार्थक चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बनाये गये विजन के क्रियान्वयन के लिए आज दिन भर हुए सत्रों में गहन विचारविमर्श किया गया। जैसे कोई कृषक बड़ी मेहनत से खेती के लिए अपनी जमीन तैयार करता है वैसा ही विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को मूर्त रूप देने छत्तीसगढ़ का शीर्ष नेतृत्व जुटा, जो विजन तैयार किया गया है उसे प्रभावी बनाने विषय विशेषज्ञों से राय ली गई ताकि उनके सुझाव लेकर विजन के क्रियान्वयन को पैनापन दिया जा सके। चिंतन शिविर में तय किया गया कि विकसित छत्तीसगढ़ के विजन को समाज के सभी वर्गों के बीच ले जाना है। सबको जागरूक कर और उनकी भागीदारी लेकर विकसित छत्तीसगढ़ के सपनों को पूरा किया जाना है। शिविर में विषय विशेषज्ञों के साथ देर तक चर्चा हुई और छत्तीसगढ़ की संभावनाओं को लेकर बारीकियों पर बात हुई।

संबोधन के प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ श्री बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई है। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब दुनिया का नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है। भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए

## एक नजर

### जुआ खेलते 6 गिरफ्तार



**छुरिया 3 जून।** गिरफ्तार आरोपीयो का नाम- 1. दीनू राम पिता केशलू राम सिंह उम्र 44 ग्राम सिकरीमहका 2 परमेश्वर सिन्हा पिता बैसाखी सिन्हा उम्र 28 शिकारीमहका 3, हितेश कुंजाम पिता इतवारी कुंजाम उम्र 27 ग्राम लम्मेटा 4 गौतम साहु पिता हरी राम साहू उम्र 27 घुपसाल 5 शिवानंद सिन्हा पिता कीर्तन सिन्हा उम्र 25 घुपसाल 6 डिकेंद्र सहारे पिता चन्नी लाल सहारे उम्र 27 वर्ष घुप्साल थाना छुरिया, जिला राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ श्री आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में दिनांक 2/6/2024 को थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना मिलने पर की कुछ जुआडियान घुपसाल तेंदुतोला रोड के पास रुपए पैसे का दाव लगा कर 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे है मुखबिर के बताए स्थान पर रेड किया गया जहा 6 लोगो को जुआ खेलते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 6 नग मोबाइल नगदी रकम 4600 एवं 52 पत्ती तास जप्त कर गिरफ्तार किया गया।

### ई वे बिल के संबंध में ट्रांसपोर्टर्स की बैठक में जानकारी दी

**रायपुर 3 जून।** राज्य कर अपर आयुक्त द्वारा सिविल लाइंस स्थित महात्मा गांधी सभागार मे रायपुर के ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेकर उन्हे ई वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई । इस बैठक मे रायपुर के प्रमुख गुड्स ट्रांसपोर्टर्स सूप्रीम ट्रांसपोर्ट , दिल्ली छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट ,जैन ट्रांसपोर्ट , माँ भवानी ट्रांसपोर्ट , अशोका ट्रांसपोर्ट , इनलैंड गुड्स ट्रांसपोर्ट, पंकज लोजीस्टिक्स ,पाल गुड्स और राहुल ट्रांसपोर्ट इत्यादि के संचालक उपस्थित रहे। बैठक मे अपर आयुक्त श्री टी आर धुर्वे और संयुक्त आयुक्त श्री नरेंद्र वर्मा द्वारा राज्य मे जिले के भीतर ई वे बिल जारी करने से दी गई छूट समाप्त होने के बाद ट्रांसपोर्टर्स की भूमिका के बारे मे उन्हे जानकारी दी गई । ई वे बिल के प्रावधानों और राज्य के राजस्व संग्रहण मे इसके महत्व के संदर्भ मे एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हे अवगत कराया गया । ट्रांसपोर्टर्स द्वारा राज्य के भीतर ई वे बिल जारी किए जाने से दी गई छूट को समाप्त किए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया गया और बताया गया कि वे इसके क्रियान्वयन मे पूर्ण सहयोग करेंगे । ट्रांसपोर्टर्स द्वारा पूछे गए ई वे बिल से संबन्धित प्रश्नो के उत्तर भी अधिकारियों द्वारा दिये गए और उनसे सुझाव भी लिए गए ।

### ई-वे बिल पर छूट समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों पर अत्याचारः विनोद चंद्राकर

**महासमुंद 3 जून।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में



रोजगार के अवसर खत्म कर, बड़े सरकारी संस्थानों को अपने चंद पूंजीपति मित्रों को सौंपकर तथा देश के 2 करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष सरकारी नौकरी देने का झांसा देकर उन्हें धोखा देने वाले भाजपा की जुमलेबाज सरकार की नजर अब छोटे व मध्यम व्यापारियों पर पड़ गया है। भाजपा सरकार ने 2018 से दी जा रही ई-वे बिल पर छूट समाप्त कर दिया है। जिससे छोटे व मध्यम व्यापारियों को व्यापार में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि यह सरकार का व्यापारियों पर अत्याचार है। जब से राज्य में भाजपा सरकार बनी है। सरकार उद्योग व्यापार को चौपट करने वाला निर्णय ले रही है। जिन व्यापारियों उद्योगपतियों के दिये टैक्स के पैसे से सरकार विकास और राहत के काम करती है। उन्हीं व्यापारियों को परेशान किया जाना गलत है? पांच महिने में लगातार व्यापारियों के यहां सरकार ने जीएसटी के छापे मारी करवाया। अब सरकार उन्हें परेशान करने ई वे बिल में छूट को समाप्त करने का निर्णय ले लिया है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बिना प्लानिंग के जिस समय जीएसटी लागू किया गया उस दौरान कांग्रेस ने जीएसटी के कई स्लैब और इसके कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए थे। जीएसटी के विषय में अब तक 3000 से अधिक सुधार किया गया है। उसके बावजूद जीएसटी की समस्या निरंतर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने व्यापारियों के इस समस्या को समझते हुए केंद्र में सरकार बनने पर जीएसटी का सरलीकरण और सुविधाजनक बनाने का वादा किया है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद व्यापारियों को अनियमित जीएसटी से राहत मिलेगा वह व्यापारियों से हो रही अवैध वसूली बंद होगी।

### पत्रकार विक्की को पितृ शोक

**राजनांदगांव ।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक दिवान पारा गौरा चौरा के पास निवासी श्री जगदीश



श्रीवास्तव 73 वर्ष का रविवार को आकास्मिक निधन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए । वे पिछले कुछ दिनो से अस्सवस्थ्य थे। वे शहर के फोटो पत्रकार विकल्प विक्की श्रीवास्तव के पिता , वरिष्ठ फोटो पत्रकार अशोक श्रीवास्तव के बडे भाई एवं पत्रकार अंकित श्रीवास्तव के मामा थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 3 जून को सुबह 9 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम लखोली के लिए निकलेगी ।

# घर घुसकर जेवरात चोरी करने वाले चोर को पकड़ने में डोंगरगढ़ पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जून।** प्रार्थी राहुल सहारे पिता स्व0 उदय लाल सहारे उम्र- 27 साल निवासी कालकापारा डोंगरगढ़ ने दिनांक- 31.05.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक- 26.05.2024 को परिवार के लोग बाहर गये हुये थे घर में अकेला था कि दिनांक- 26.05.2024 के दरम्यानी रात्रि में किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर अंदर घुंसकर टीन के पेटी में रखे सोने का 04 नग कंगन, 01 नग सोने का पैंडल, 01 जोड़ी सोने का झुमका कुल किमती- 300000/-रू0 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र0- 312/2024 धारा- 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर तत्काल निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अलग-अलग टीम बना कर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एवं संदेहियों से पुछताछ कर पता तलाश में जुट गये। जिससे सोने-चांदी के



जेवरात को चोरी करने और कोई नहीं प्रार्थी के ही नाबालिग रिश्तेदार निकला चोर। जिसे पुछताछ करने पर पता चला कि आज से करीबन 03 माह पूर्व ही घर में सुना देखकर पेटी में रखे जेवरात को निकालकर अपने पास रख लिये थे जिसे बेचने के लिये अपने दोस्त दिवाकर वाल्दे को बताया दिवाकर वाल्दे ने कुणाल डोंगरे को बोला कुणाल डोंगरे ने अपने टीचर प्रणिता नायडु को बताया सभी सामान बेचने के लिये सहमत हुये और डोंगरगढ़ के ज्वेलर्स दुकान में बेचना पता चला। प्रकरण में दीवाकर वाल्दे पिता शिवचरण वाल्दे उम्र- 19 साल साकिन कालकापारा डोंगरगढ़, कुलाण डोंगरे पिता रोशन डोंगरे उम्र- 19 साल साकिन कालकापारा डोंगरगढ़ एवं प्रणिता नायडु पिता प्रदीप नायडू को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पुछताछ करने पर नाबालिग अपचारी बालक द्वारा दिये गये सोने चांदी के जेवरात को प्रणिता नायडू के निशादेही पर डोंगरगढ़ के आदर्श ज्वेलर्स, विजय ज्वेलर्स एवं बम्लेश्वरी ज्वेलर्स में बेचना बताने पर आरोपियों के बताये अनुसार सबंधित ज्वेलर्स दुकान में पंहूचकर सोने-चांदी के जेवरात को बरामद किया गया है। ज्वेलर्स संचालकों से विधिवत जप्त संपति के संबंध में पुछताछ करने पर प्रणिता नायडु पुराने ग्राहक होने से सद्भावना पुर्वक जेवरात खरीदकर जेवरात के वास्तविक किमत देना बताये। प्रकरण में विधि से संघर्षरत अपचारी बालक के विरूद्ध धारा- 457, 380 भादवि0 के तहत कार्यवाही किया गया है एवं आरोपी दिवाकर वाल्दे, कुणाल डोंगरे एवं प्रणिता नायडु के विरूद्ध धारा- 414 भादवि0 के तहत कार्यवाही कर मान0 सर्वोच्च न्यायालय के गाईड लाईन का पालन करते हुये अनुबंध पत्र प्राप्त किया गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, प्र0आर0- नीवन क्षत्रिय, आरक्षक प्रयंश सिंह, चन्द्रकांत सोनी, मनोज हरमुख, लीलाधर मण्डलोई एवं म0 आर0- श्रद्वा बाघमारे, सुषमा मराठे का विशेष योगदान रहा है।

# मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**राजनांदगांव 3 जून।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार 4 जून 2024 को मतगणना कार्य संपन्न किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने, निर्वाचन प्रक्रिया तथा निर्वाचन निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बंदूक, खुखरी, रायफल, पिस्टल, रिवाल्वर, तलवार चाकू, छुरा, कुल्हाड़ी, गुप्ती, त्रिशूल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारे लगायेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव, मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा दिव्यांगता होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक है।

राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत विनिर्दिष्ट मतगणना स्थल, तहसील, ब्लाक, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, जिला कार्यालय (कलेक्टोरेट), जिला पंचायत कार्यालय, संयुक्त जिला कार्यालय के परिसर के बाहर न तो भीड़ होगी, न धरना दिया जाएगा और न ही नारेबाजी की जाएगी। राजनांदगांव राजस्व जिला अंतर्गत कोई भी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति द्वारा आम सभा, जुलूस आयोजित करने के पूर्व उसकी विधिवत लिखित सूचना कानून व्यवस्था से जुड़े संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार को दिया जायेगा तथा इस निमित्त अधिकृत अधिकारी से विधिवत लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही संबंधित राजनैतिक दल, व्यक्ति आमसभा, जुलूस का आयोजन कर सकेगा।

# मौसम विभाग ने लू से बचने के उपाय बताए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 जून।** गर्मी के मौसम को देखते हुए लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से ज्यादा हो तो हीट वेव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है। इसका असर बच्चों, बुजर्गों एवं कोमार्बिड लोगों में सर्वाधिक होता है। हमारे शरीर के टेम्परेचर रेग्यूलेशन (तापमान नियंत्रण) मस्तिष्क के हाईपोथलेमस भाग से होता है। जब वातावरण 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फेरनहाइट से अधिक हो जाता है, तब टेम्परेचर रेग्यूलेशन तंत्र प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप तब हीट स्ट्रोक की स्थिति उत्पन्न होती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि लू लगने पर शरीर में लक्षण दिखाई देने लगते है। जिसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना शामिल है। लू से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते है। बहुत अनिवार्य नहीं हो तो घर से बाहर न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले, पानी अधिक मात्रा में पीये, मौसमी फल जैसे तरबूज, ककड़ी,छाछ, लस्सी समय-समय पर लेते रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए जिससे हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये, चक्कर आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस लस्सी, मठा आदि का सेवन करें।

# कलेक्टर के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों में हुई शीतल पेयजल की व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 3 जून।** प्रदेश में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर पूरे जिले के सार्वजनिक स्थानों पर पीने के ठंडा पानी की व्यवस्था घड़ा में की गई है वही कलेक्टर चौहान ने गर्मी को देखते हुए जिले के लोगों से सावधानी बरतने और इससे बचने का आग्रह किया है। उन्होंने लोगों से खुद का और परिजनों का भी ख्याल रखने की बात कही है। पूरे प्रदेश में नौतपा की कहर बरपाती भीषण गर्मी के चलते विगत कुछ दिनों से प्रदेश के तापमान में भारी वृद्धि हुई है। झुलसाने वाली गर्म हवाओं के थपेड़े चल रहे हैं। कलेक्टर के एल चौहान ने भीषण गर्मी में लोगो को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हुए उनके लिए जगह जगह ठंडा पानी का घड़े की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था जिसके पालन में जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर पीने की



पानी व्यवस्था करवा दी गई है,जिससे आम लोगो को काफी राहत मिलने के साथ साथ सुखद अनुभव भी हो रहा है। कलेक्टर चौहान ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगो से आग्रह है कि सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से सावधानी से निकले, धूप में सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह से बांधें, पानी अधिक मात्रा में पियें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पियें, छायादार जगहों पर रहें, लू लगने या तबियत ख़राब होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल जाएं। क्योंकि सावधानी में ही समाधान है। विदित हो कि इस समय पूरे प्रदेश में बेतहाशा गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने भी आगामी कुछ दिनों तक हीटवेव के जारी रहने की बात कही है। जिसके चलते कलेक्टर श्री चौहान जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी बस स्टैण्ड, यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक भवनों का समुचित निगरानी एवं देखभाल करने तथा इन स्थानों पर रुकने वाले यात्रियों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराते हुए यथासंभव पंखे की व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद सीईओ को दिए हैं। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में ठहरे किसी व्यक्ति के पास भोजन की उपलब्धता न हो तो नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से भोजन, ओआरएस घोल आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। भीषण गर्मी मे शहर के प्रमुख स्थानों मे पेयजल की व्यवस्था प्रशासन द्वारा किये जाने की मांग शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष दाऊ संतोष अग्रवाल ने की थी।

## गांव की 26 गर्भवती महिलाओं एवं 7 मितानीन को शाल और थरमस देकर सम्मानित किया

# संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने ग्राम पंचायत केसदा में निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच शिविर का किया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 3 जून।** संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने ग्राम पंचायत केसदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शीविर का आयोजन मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं दल की उपस्थिति में किया गया। शिविर में सैकड़ो मरीजों का निशुल्क जांच ,इलाज और दवाई दिया गया।

इस मौके परसंभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के एम डी विकास गोयल ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी हर तरह की जांच और इलाज करा सके और उन्हें फ्री में अच्छी सुविधा ,इलाज और दवा मिल सके।उन्होंने कहा की शिविर में सुबह से लेकर अब तक में सैकड़ों रोगी का इलाज किया गया और उन्हें मुफ्त में दवाई भी दी गई है। लोगों



का सेवा ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है। हमारा मुख्य उद्देश्य है अच्छा इलाज के साथ साथ सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराना।

नारायणा हॉस्पिटल की डाक्टर निधि यादव ने गर्भवती महिलाओ को आहार और स्वास्थ संबंधी जानकारी प्रदान देते हुए कहा की गर्भवती महिला को आहार मे प्रतिदिन 1500 -1600 मिलीग्राम कैल्सियम मिलना चाहिए। गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु की स्वस्थ और मजबूत हड्डियों के लिये इस तत्व कि आवश्यकता रहती है। कैल्सियम युक्त आहार में दूध और दूध से बने व्यंजन, दलहन, मक्खन, चीज, मेथी, बीट, अंजीर, अंगूर, तरबूज, तिल, उड़द, बाजरा, मांस आदि का समावेश होता है साथ ही गांव में आसानी से मिलने वाली पोषक आहार के विषय में विस्तृत जानकारी दिया

संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा की एम डी श्रीमती शीतल गोयल तथा ग्राम पंचायत केसदा की सरपंच किरण ध्रुव ने गांव की 26 गर्भवती महिलाओं एवं 7 मितानीन को शाल और थरमस देकर सम्मानित किया तथा गर्भवस्था के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने संबंधित जानकारी प्रदान किया

स्वास्थ शिविर में ग्राम पंचायत केसदा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में सरोरा संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के एम.जी.के. मूर्ति ,सुचिता जैन , धर्मेश वैश्य , सुतनु गोस्वामी ,चिरंजित रॉय , राजकुमार निषाद ,ने सहयोग दिया।

## समाचार संक्षेप

### अधिकारी कर्मचारियों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प



**मोहला 3 जून।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवं अधिकारी-कर्मचारियों में नशा मुक्ति का संकल्प लिया। संकल्प लिया गया कि मुझे ज्ञात है कि नशापान से मानसिक असंतुलन की स्थिति बनती है। नशापान से कार्य करने की क्षमता कम हो जाती है, तथा व्यक्ति भ्रमित हो जाता है। नशापान से शारीरिक एवं मानसिक गंभीर व्याधियां होती है। नशापान से सामाजिक प्रतिष्ठा कम होती है तथा समाज से प्रायः उपेक्षा मिलती है। नशापान से पारिवारिक सुख एवं समृद्धि का अंत होता है, जिससे जीवन में भटकाव की स्थिति बनती है। नशापान से वातावरण प्रदूषित होता है, जिससे हमारे परिवार के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। नशापान उच्च स्तरीय जीवन शैली का प्रतीक नहीं है, अपितु अज्ञानता में लिया गया निर्णय है। आगे यह भी संकल्प लिया गया कि अपने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने, अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए, सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणाम को प्रचारित कर तथा यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करता रहूंगा।

### डॉ रमन सिंह से स्व जागेश्वर साहू के मामले में जिला साहू संघ मिला



**राजनांदगाँव 3 जून।** जिला साहू संघ राजनांदगाँव पायोनियर होमस दवारा पाटनर्स रविशंकर फटनांनी पिता जी.जे फटनांनी निवासी अवंतिविहार शंकरपुर रायपुर की कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले मजदूर स्व जागेश्वर साहू चिखली राजनंदगांव निवासी का 15 मई को 11 केव्ही लाइन के चपेट में आकर बिजली करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गया था, जिसे लेकर जिला साहू संघ ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को न्याय व मुवावजा को लेकर 20 मई को ज्ञापन सौंपा गया था परंतु ज्ञापन सौंपने के 12 दिन भी बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नही होते देख शिकायत लेकर राजनांदगाँव के विधायक व विधान सभा अध्यक्ष माननीय डॉ रमन सिंह जी से मुलाकात कर जांच में बरती जा रही लापरवाही वा ढील ढाल रवैय्ये को लेकर व न्याय दिलाने और निष्पक्ष जांच एवं मुवावजा दिलाने को लेकर डॉ रमन सिंह से समाज प्रमुखों ने मुलाकात किया। और मुलाकात कर कंट्रक्शन कंपनी की शिकायत भी किया गया और मृतक जागेश्वर साहू कि मौके पर मौत के सम्बद्ध विस्तृत जानकारी दिया गया कि कैसे कैसे घटना हुई की 11केव्ही लाइन के नीचे मजदूर जागेश्वर साहू को बिना सुरक्षा मुहैया कराए चालू लाइन के दौरान गढ्ढा खोदकर लोहे के पाइप गढ़ने दिया था जिससे करेंट के चपेट में आ गया । मृतक जागेश्वर का एक पुत्र 15 वर्ष और एक 11 वर्ष पुत्री उनकी मृत्यु के बाद अनाथ हो गया है, मृतक मजदूर और गरीब परिवार का है जो कंट्रक्शन के कंपनी के लापरवाही व आवश्यक सुरक्षा नही देने व चालू लाइन में काम कराने की वजह से उनकी मृत्यु हुई है , संबधित कंपनी के मालिक आज तक मृतक के घर मिलने नही पहुँचा व ना किसी प्रकार की कोई सहायता राशि प्रदान की गई है। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने तत्काल कलेक्टर को फोन से इस मामले को लेकर बात चीत की और अलग से जांच अधिकारी नियुक्त करने निर्देशित किया, डॉ रमन सिंह जी से जिला साहू संघ राजनांदगाँव के उपाध्यक्ष श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक कमल किशोर साहू , महामंत्री नीलमणि साहू, विवेक साहू पूर्व कोषाध्यक्ष , महेंद्र साहू , चंदन साहू संघटन सचिव , मनोज साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू राजनांदगाँव, नगर साहू अध्यक्ष कुलेश्वर साहू , परदेशी सोनबोइर, हिरेन्द्र साहू , नंदू साहू ,गुलाब साहू सहित जिला साहू संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

### जिले के अंतिम गांव एवं व्यक्ति को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक करने की जरूरतः कलेक्टर

**राजनांदगांव 2 जून।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मिशन जल रक्षा के संबंध में जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में घटता जल स्तर बहुत बड़ी चिंता का विषय है, इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की दिशा में कार्य करने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम गांव एवं व्यक्ति तक घटते जल स्तर और जीवन में होने वाली समस्याओं की जानकारी देनी है। उन्होंने कहा कि समाज में बहुत अच्छे लोग है। हम समाज के साथ मिलकर कार्य करें और उन्हें जल संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी दें। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी कार्य करने चाहिए। जिसके लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण, कम पानी लगने वाली फसलों का उत्पादन, तालाबा एवं नहर-नालों को बांधकर वाटर रिजार्च जैसे कार्य करना चाहिए। जिससे भू-जल स्तर अच्छा रहे। उन्होंने गांवों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण और खेतों के मेड़ों में वृक्षारोपण करने कहा। उन्होंने खाली जगहों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने कहा, जिससे मिट्टी का क्षरण रूकेगा और पर्यावरण संतुलन बना रहेगा।

## संपादकीय

# एग्जिट पोल में तो भाजपा की हैट्रिक

सातवें चरण के मतदान के बाद एग्जिट पोल में तो वही हुआ जो भाजपा चाहती थी, यानी भाजपा और मोदी की शानदार हैट्रिक। तीसरी बार भाजपा और मोदी की सरकार बनने का अनुमान एग्जिट पोल में लगाया गया है। यह लगभग वैसा ही है जैसा पीएम मोदी व भाजपा मतदान के पहले चरण से कहते आ रहे थे और मतदान के आखिरी चरण तक कहते रहे। पीएम ने चार सौ पार का नारा देकर एक तीर से दो शिकार किए थे। एक तो उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को पहले से बड़ा टारगेट दिया था और उसे पाने के लिए प्रेरित भी किया। खुद भी आख़िरी दिन तक मेहनत करते रहे और पार्टी के सब लोगों को भी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते रहे। पीएम मोदी दूसरे नेताओं की तरह नहीं है कि एक लक्ष्य दे दिया और कह दिया इसे पार्टी को हासलि करना है। वह कोई लक्ष्य तय करते हैं तो वह सिर्फ पार्टी के लिए नहीं होता है, वह उनके लिए भी होता है। जितना बड़ा लक्ष्य वह तय करते हैं, उसे पाने के लिए पहले से ज्यादा मेहनत भी करते है। पिछली बार पीएम मोदी ने जितनी सभाए, रोड शो किए थे इस बार उससे ज्यादा किए दूसरा नेता तो होता तो बढ़ती उमर के चलते सभाओं व रोड शो की संख्या कम कर देता। पीएम मोदी को मालूम था कि पिछली चुनाव से ज्यादा मत हासिल करना है, ज्यादा सीटे जीतना है तो पिछली बार से ज्यादा मेहनत भी करनी पड़ेगी। पीएम मोदी ने ज्यादा मेहनत की। नेता ज्यादा मेहनत करता है तो ही कार्यकर्ता ज्यादा मेहनत करता है। भाजपी की लगातार जीत का राज यही है कि हर चुनाव में पिछले चुनाव से ज्यादा मेहनत करना। यह बात दूसरे विपक्षी दल भाजपा से सीख सकते हैं। लेकिन सीखते नहीं है। वह सोचते हैं कि सोशल मीडिया व मीडिया में हेंडिंग बनने वाली बातें कहकर चुनाव जीती जा सकता है. उनका यह वहम एग्जिट पोल से टूट गया है, चार जून को मतगणना होगी तो उनका वहम पूरी तरह टूट जाएगा कि बड़ी बड़ी बाते करकें या झूठ बोलकर लोकसभा का चुनाव जीता जा सकता है।बात वही दलों के नेताओं को कहनी चाहिए जो सच के करीब हो। जैसे पीएम मोदी ने चार सौ पार का नारा दिया तो यह कोई हवा हवाई नारा नहीं था, शुरू में जरूर विपक्ष को लगा कि पीएम मोदी ने हवाहवाई नारा दे दिया था, लेकिन यह पीएम मोदी की चुनावी रणनीति का हिस्सा था यानी पीएम मोदी को चुनाव के महीनों पहले पता था कि भाजपा के लिए चार सौ पार कोई असंभव लक्ष्य नहीं, उसे कैसे पाया जा सकता है, यह पीएम मोदी शाह व भाजपा नेताओं को पता था। चार सौ पार का लक्ष्य पार्टी का उत्साह बढ़ाने वाला तो था ही साथ यह सच भी था क्योंकि पीएम मोदी खुद की खुलासा कर चुके हैं कि वह तो संसद में चार सौ पार का परफारमेंस दिखाते रहे हैं यानी भाजपा को चार सौ पार की जरूरत रही तो चार सौ पार करके दिखाया भी है। विपक्ष ने तीसरे चारण के बाद सोचा यदि पीएम मोदी चार सौ पार कह सकते हैं तो हम भी तीन सौ पार कह सकते हैं। इसी के साथ विपक्ष के हर नेता ने अपना एक आंकड़ा देना शुरु कर दिया किसी ने कहा विपक्षी गठबधन को साढ़ेतीन सौ सीट आएही, किसी ने कहा बहुतम से ज्यादा मिलेगा। आखिरी में खरगे ने कहा कि विपक्ष को 295 सीटे मिलेंगी। लेकिन एग्जिट पोल में विपक्षे डेढ़ सौ से ज्यादा और दो सौ के भीतर ही रहा है। यह विपक्ष के लिए निराशा जनक है क्योंकि भाजपा व विपक्ष के बीच कम से कम दो सौ सीटों का फर्क है। इसका मतलब है कि वह इस चुनाव में भाजपा को सभी सीटों पर कड़ी टक्कर नहीं दे सका है। इसकी एक वजह यह है कि पीएम मोदी व शाह व की चुनाव जीतने की रणनीति व राहुल गांधी व विपक्ष की चुनाव जीतने की रणनीति में सबसे बड़ा फर्क जमीन में काम करने का है। पीएम मोदी व भाजपा को महीनों पहले पता रहता है कि उसे अगले चुनाव मं कितना वोट मिल सकता, कितनी सीट मिल सकती है, उसे कितनी सीटे और जीतना तथा कितना वोट और कैसे हासिल करना है। इसी आधार पर पीएम व शाह भरोसे से कहते हैं कि वह इतनी सीटें जीत रहे हैं। उनके पास जमीनी स्तर पर फीड बैक कइ तरह से आती रहती है। पूरे पांच साल पीएम मोदी व भाजपा चुनावी तैयीर में लगे रहते हैं। विपक्ष तो सोच नहीं सकता कि पीएम मोदी ने 19 का चुनाव जीतने के साथ ही 24 का चुनाव जीतने की तैयारी शुरु कर दी थी, यही वजह है कि वह पूरे विश्वास से कह सके कि चार सौ पार और एग्जिट पोल भी उनता ही आया है। यह कोई संयोग नहीं है यह पांच साल चुनाव तैयारी का सुखद परिणाम है।

पत्रकारिता

तनवीर जाफरी

# भारतीय पत्रकारिताः सवाल निष्पक्षता का



पिछले दिनों 30 मई को जब हमारे देश में पत्रकारिता दिवस की बधाइयों का सिलसिला चल रहा था उस के चंद रोज पहले पंजाब से यह खबर आई कि जी मीडिया ग्रुप के सभी चैनल्स जिनमें हिंदी, अंग्रेजी के साथ पंजाबी जैसी क्षेत्रीय भाषा के चैनल्स भी शामिल हैं, को सरकार द्वारा ब्लैक आउट कर दिया गया है। इस खबर के फौरन बाद ही पंजाब की भगवंत मान सरकार ने कोई औपचारिक नोटिफिकेशन जारी किये बिना ही 28 मई से राज्य में जी मीडिया ग्रुप से सम्बद्ध सभी चैनल्स के प्रसारण पर रोक लगा दी। ग़ौरतलब है कि जी मीडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड 14 टेलीविजन समाचार चैनल, 5 डिजिटल समाचार चैनल, 7 समाचार ऐप और 32 डिजिटल प्रॉपर्टी संचालित करता है। जी मीडिया ग्रुप के चैनल्स पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कहा जा रहा है कि चूँकि जी न्यूज के चैनल्स ने राज्य के मंत्री बलकार सिंह का 21 साल की किसी लड़की के साथ वीडिओ कॉल पर अश्लील हरकतों का आपत्तिजनक वीडियो अपने चैनल पर दिखाया था। जिसके बाद ही मान सरकार ने चैनल पर रोक लगाने का फैसला किया। हालाँकि मंत्री की अश्लील हरकतों वाली करतूत इस चैनल पर प्रसारित होने से पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। परन्तु भगवंत मान सरकार ने जी मीडिया ग्रुप के पक्षपात पूर्ण प्रसारण के चलते उस पर प्रतिबंध लगाकर ही अपना ग़ुस्सा उतारना मुनासिब समझा। निष्पक्ष पत्रकारिता का दायित्व निभाने वाले किसी भी मीडिया चैनल को प्रतिबंधित या उसे ब्लैक आउट करना निःसंदेह मीडिया की आजादी पर प्रहार ही कहा जायेगा। और किसी भी सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर ऐसा किया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र के लिये खतरे के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके पहले भी राज्य की भगवंत मान सरकार बादल परिवार के स्वामित्व वाले पीटीसी न्यूज चैनल तथा पंजाब के प्रतिष्ठित मीडिया समूह अजीत प्रकाशन समूह के अखबारों के साथ 'दुर्भावनापूर्ण ' व्यवहार कर चुकी है। परन्तु पंजाब में जी मीडिया ग्रुप पर लगे प्रतिबंध के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि इस न्यूज चैनल ने चुनावी संग्राम के मध्य जितनी तत्परता से राज्य के मान सरकार के मंत्री बलकार सिंह की अश्लील विडिओ के प्रसारण में इतनी दिलचस्पी ली, क्या देश का सबसे बड़ा यौन शोषण और इतिहास का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल कहे जाने वाले जनता दल यूनाइटेड के नेता प्रज्वल रेवन्ना से सम्बंधित खबरों को भी इसी तत्परता से प्रसारित करने में जी मीडिया ग्रुप ने दिलचस्पी दिखाई। महिलाओं की इज़्ज़त आबरू से जुड़ी मणिपुर में अनेक घटनायें घटीं क्या देश का सबसे बड़ा न्यूज चैनल कहे जाने वाले इस ग्रुप ने उस सच्चाई को इसी तरह प्रसारित किया ? और भी देश में अनेकानेक ऐसी घटनायें घटीं जिससे न केवल इस ग्रुप के चैनल्स ने बल्कि सत्ता के गुणगान में लगे अनेक चैनल्स ने अपनी आँखें मूँद लीं। इसलिये ऐसे चैनल्स का यह दावा करना कि वे 'अपने सरोकारों से पीछे नहीं हटेंगे और जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते रहेंगे' ,कितना सही है ? दरअसल आम जनता खासकर अधिकांश टी वी दर्शक मीडिया घरानों के स्वामित्व को लेकर नावाक़िफ हैं। उन्हें नहीं पता कि किस चैनल का स्वामी किस राजनैतिक दल का है या किस दल के समर्थन से संसद सदस्य बना है। उसे नहीं पता कि जो एकमात्र टी वी चैनल पत्रकारिता का वास्तविक दायित्व निभाते हुये सत्ता से सवाल करता रहता था और जनता के वास्तविक मुद्दों को उठाकर सत्ता व सत्ताधीशों को कटघरे में खड़ा करता था उस पर सत्ता के चहेते उद्योगपति मित्र ने नियंत्रण कर लिया है। जनता को बिल्कुल नहीं पता कि इस समय देश के अधिकांश चैनल्स व मीडिया घराने सत्ता की गोद में जा बैठे हैं। यही वजह है कि विश्व की विश्वसनीय समझी जाने वाली बी बी सी न्यूज सेवा भी सत्ता को खटकती रहती है। और विपक्षी दलों से सवाल करना और सत्ता का गुणगान करना ही इन्हें भाता है।




1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने मीडिया पर सेंसरशिप लगाकर पूरे देश के मीडिया का रोष झेला था। परिणामस्वरूप उसे सत्ता गंवानी पड़ी थी। परन्तु वर्तमान दौर में तो सत्ता अलग ही तरीक़े से मीडिया को नियंत्रित कर रही है। अपने उपकारों,पद लोभ,भरपूर विज्ञापनों,व्यवसायिक लाभ,चाटुकारिता से भरपूर साक्षात्कारों के प्रसारण, सत्ता के बजाये विपक्ष से सवाल पूछने जैसे लोकतंत्र व मीडिया के सिद्धांतों के विरुद्ध अपनाये जाने वाले हथकंडों के सहारे सत्ता पर नियंत्रण किया जा रहा है। मीडिया के सरोकारों की बातें करने वाला 'गोदी मीडिया ' यह नहीं पूछता कि 'साहब' ने दस वर्षों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं की ? चाटुकार मीडिया मंहगाई,बेरोजगारी,चीनी घुसपैठ,मणिपुर, चंद उद्योगपतियों पर ही नज़्र-ए-इनायत क्यों, जैसे जनसरोकारों से जुड़े अनेक सवाल सत्ता से पूछने के बजाये हिन्दू मुस्लिम,पाकिस्तान, मुस्लिम,मंदिर-मस्जिद,मदरसा,जिहाद जैसी विघटनकारी बातों में आम लोगों को उलझाकर और इसके दवरा जनता का ध्यान बांटकर सत्ता के हितों की रक्षा करने में जुटा है। चाटुकार मीडिया ने सत्ता के स्तुतिगान में ही दस साल गुजार दिये। क्या यही निष्पक्ष व जिम्मेदार पत्रकारिता है ? हम हर साल 30 मई को ₹हिंदी पत्रकारिता दिवस₹ इसलिये मनाते हैं क्योंकि 30 मई 1826 को ह्यउदन्त मार्तण्डह्व नामक एक साप्ताहिक अखबार कलकत्ता से प्रकाशित किया गया था। क्रूर ब्रिटिश पराधीनता के दौर में भारतवासियों को स्वाधीनता व अपने कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूक करना उस समय का एक चुनौती व जोखिम भरा काम था। परन्तु उस दौर में भी पत्रकारिता की जिम्मेदारी निभाते हुये पंडित जुगल किशोर शुक्ल जैसे साहसी पत्रकारों ने इस असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। परन्तु आज के पत्रकारिता के स्वयंभू झंडाबरदार अपनी ही सरकार की कमियां निकालने का साहस नहीं जुटा पा रहे ? कहीं उपकार वश, कहीं भय वाश कहीं लालचवश तो कहीं व्यावसायिक लाभ के मद्देनजर ? यह आखिर कैसी पत्रकारिता है ? भगवंत मान सरकार द्वारा जी न्यूज को प्रतिबंधित करना निश्चित रूप से लोकतान्त्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। यह निंदनीय भी है। परन्तु न केवल जी न्यूज बल्कि इनके जैसे सभी चाटुकार मीडिया घरानों को यह मंथन भी जरूर करना चाहिये कि क्या वजह है कि इनके पत्रकारों को जगह जगह फजीहत उठानी पड़ती है ? क्यों प्रायः टीवी की लाइव डिबेट में इन्हें इसी 'सत्ता चरण वंदना' को लेकर अपमान सहना पड़ता है ? क्यों इन्हें गोदी मीडिया,चाटुकार मीडिया,दलाल व भांड मीडिया जैसे भद्दे 'अलंकारों ' से नवाजा जाता है ? यदि भगवंत मान सरकार ऐसे चैनल्स पर प्रतिबंध लगाकर लोकतंत्र का गला घोटने की जिम्मेदार कही जाएगी तो मीडिया को बदनाम करने व इसे रसातल में ले जाने वाले मीडिया घरानों को भी लोकतंत्र के हत्यारों की सूची से अलग नहीं रखा जा सकता।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दांपत्य रिश्ता मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। सेहत के लिहाज से आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। गुरु के मार्गदर्शन से सफलता के नए मार्ग खुलेंगे।

वृष राशिः आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। बिजनेस के मामले में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे, जिनके लिए आपकी कुछ जरूरी लोगों से मुलाकात भी होगी। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, व्यापार को बढ़ाने के लिये नया प्लान लाभदायक साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिये जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी। आपको बड़े अधिकारियों से भी पूर्ण रूप से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में स्थिति अनुकूल रहेगी। दोस्तों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग करेंगे। आपकी यात्रा मंगलमय रहेगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के साथ समय बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों से अच्छी सलाह मिलेगी। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। उन्हें किसी क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के लिये नए आइडियाज मिलेंगे, जिन पर आप गौर भी फरमायेंगे। आज आपके घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। धार्मिक कार्य में आपकी इच्छा बढ़ेगी, आज आप सत्संग करवा सकते हैं, घर में उत्सव का माहौल होगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों का खास ख्याल रखें। जिससे उनका आपके प्रति प्रेम बढ़ेगा।

तुला राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी कोई चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा। सब लोग एक-दूसरे की मदद के लिये तैयार रहेंगे। सेहत के मामले में आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे। कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है, सफलता मिलने के योग बने हुये है। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते आज आप खरीदारी करने मार्केट जायेंगे। आज सेहत के मामले में सावधान रहें।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहि, साथ ही जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचे। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है। आपका दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। बिजनेस में स्थिति ठीक बनी रहेगी। आप अपना काम अच्छे से पूरा कर लेंगे। आज आप नया वाहन लेने का मन बनाएंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वकलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। माता आज अपने बच्चो को कुछ मीठा बना के खिला सकती है। आज घर के बुजुर्गों की देखभाल में समय बिताएंगे। जीवनसाथी से आज आपको उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आप कुछ नया प्लान बनाएंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा। दांपत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी सेहत में सुधार आएगा। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे, रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें। पारीवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा।

(अभिव्यक्ति)

# भाषा मानव संवाद का महत्वपूर्ण तत्व

पुखराज प्राज

भाषा एक सांविधिक संज्ञा है जो लोगों के बीच संवाद का माध्यम होता है। यह ध्वनि, शब्द, और संकेतों का एक संगठित व्यवस्थित समूह होता है, जिसका प्रयोग विचारों, भावनाओं, और ज्ञान को संवाद में व्यक्त करने के लिए किया जाता है। भाषा मनुष्यों की सोच, अभिव्यक्ति, और सामाजिक संबंधों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इतिहासकारों के अनुसार, भाषा की परिभाषा अधिक व्यापक और समृद्ध होती है। वे भाषा को सिर्फ ध्वनि, शब्द, और संकेतों का संगठित समूह नहीं मानते, बल्कि उन्हें भाषा को सामाजिक, सांस्कृतिक, और ऐतिहासिक संदर्भ में देखते हैं। इतिहासकारों के अनुसार, भाषा समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विकास का प्रमुख घटक होती है, जो समाज की सोच, धार्मिक अवधारणाओं, और सामाजिक संगठन को प्रभावित करती है। भाषा के माध्यम से समाज में विचारों, इतिहास, कथाएँ, और धार्मिक अनुष्ठानों का संवाद होता है, जिससे समाज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान बनती है। भाषा, मानव संवाद का महत्वपूर्ण तत्व है। इसकी जीवन रेखा अत्यंत रोमांचक और संगीतमय होती है। प्राचीनकाल से लेकर आज के दिन तक, भाषा मानव सभ्यता का माध्यम रही है, जो समाज को जोड़ती है, विचारों को व्यक्त करती है, और संस्कृति को आगे बढ़ाती है। भाषा का आरंभ मूल रूप से वाणी या ध्वनि के माध्यम से हुआ। मानव ने अपने भावों, भावनाओं, और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए ध्वनि का प्रयोग किया। लिपि के आविष्कार ने भाषा को एक नई दिशा दी, जिससे विचारों को संदर्भित किया और दशकों तक पहुंचाया जा सका। साहित्य ने भाषा को गहराई और विविधता दी। कविता, कहानी, नाटक, उपन्यास - ये सभी भाषा के रंग-बिरंगे आयामों को प्रकट करते हैं। भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन ने भाषा की संरचना और उपयोग के पीछे के कारणों को समझने में मदद की है। आधुनिक संचार और तकनीकी उपकरणों का आविष्कार ने भाषा को नए रूपों में ले आया है। सामाजिक मीडिया, इंटरनेट, और मोबाइल अनुप्रयोगों के माध्यम से भाषा का प्रयोग और प्रसार हो रहा है। भाषा की जीवन रेखा संसार के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता का परिचय कराती है, और इसका महत्व निरंतर बढ़ता रहता है। भाषा का बहुलकीयकरण, या मल्टीलिंगुविज्म, एक प्रकार की भाषा की नीति है जिसमें एक विशेष क्षेत्र में दो या अधिक भाषाओं का प्रयोग किया जाता है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य है समाज में भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक और भाषाई समृद्धि को संरक्षित करना। भाषा के बहुलकीयकरण के कुछ हानियाँ भी हैं, अधिक भाषाओं का प्रयोग करने से संघर्ष साधने की कठिनाई हो सकती है, क्योंकि भाषाओं के बीच समानता और समझौता प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। कुछ भाषाओं के प्रयोग का अधिकतम ध्यान या महत्व हो सकता है, जो अन्य भाषाओं को कमजोर कर सकता है। यह विपरीतता उत्पन्न कर सकती है और भाषाई असमानता बढ़ा सकती है। अधिक भाषाओं के प्रयोग से, कुछ भाषाएं या उनके संदर्भ गुमनाम हो सकते हैं, जो उनकी संरक्षण और समाप्ति के लिए समस्या बन सकती है। अधिक भाषाओं का प्रयोग करने से, भाषा संघर्ष बढ़ सकता है, जैसे भाषा के अलग-अलग लिपि, उच्चारण, और व्याकरण में अंतर होता है। बहुलकीयकरण के कारण, कुछ संस्कृतियां और उनकी भाषाएँ लुप्त हो सकती हैं या अपेक्षित रूप में नष्ट हो सकती हैं। इन हानियों के बावजूद, बहुलकीयकरण को उचित नीतियों और सामाजिक परिवतर्नों के साथ समाप्त किया जा सकता है ताकि भाषा की समृद्धि और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित रखा जा सके।

विश्लेषण

मनोज कुमार अग्रवाल

# आखिर सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों का कौन है जिम्मेदार?



गर्मी की छुट्टियां होते ही देश में पहाड़ी राज्यों की ओर मैदानी क्षेत्रों के निवासियों की पिकनिक व धार्मिक टूर का सिलसिला शुरू हो जाता है। अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार पहाड़ी क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं क्योंकि इससे वह धार्मिक तीर्थयात्रा व पर्यटन दोनों काम एक साथ करने का विचार रखते हैं लेकिन इन दिनों रोजाना धार्मिक यात्रा के दौरान सड़क हादसे और उनमें जनहानि के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 69 लोग घायल हो गए। यह यात्री यूपी के हाथरस से जम्मू संभाग के जिला रियासी के शिवखोड़ी धाम में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। दावा किया जा रहा है कि डोडा में पिछले साल हुए हादसे के बाद यह जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना15 नवंबर 2023 डोडा के अस्सर इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसल कर 300 फुट गहरी खाई में गिर गई थी। इसमें 39 लोगों की मौत हो गई थी और 19 घायल हो गए थे।इसी साल 29 मार्च को रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के फिसल कर खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थी।

आपको बता दें कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में अत्यधिक वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होने के कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है जिनमें परिवारों के परिवार तबाह हो रहे हैं। हाल के दिनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की बानगी देखिए 18 मई को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में केदारनाथ से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मवेशियों से टकराने से बचाने की कोशिश में पलट जाने से उसमें सवार 2 महिलाओं की मौत व 11 अन्य घायल हो गए।23 मई को मध्य प्रदेश के इंदौर से चारधाम यात्रा के लिए आए तीर्थ यात्रियों की बस समराला के निकट एक ट्राले से टकरा जाने से 2 महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

24 मई को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस दिल्ली-जम्मू हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मौत और 20 लोग घायल हो गए। 24 मई को ही कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक मिनी बस के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन श्रद्धालुओं की मौत और 14 घायल हो गए। 25 मई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के 4 पर्यटकों की मौत तथा 3 घायल हो गए।26 मई रात को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के राजसर में एक सड़क दुर्घटना में एक कार और ट्रक की टक्कर में एक दम्पति और उनकी 7 वर्ष की बेटी के अलावा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।26 मई को ही उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर तेज गति से आ रहा डम्पर पलट जाने से 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।26 मई को ही हिसार के सैक्टर 27-28 मोड़ के निकट ट्रक से बचने के प्रयास में लड़की का रिश्ता करने आए परिवार की कार पलट जाने सेकार सवार दम्पति और 2 भाइयों सहित 5 लोगों की जान चली गई। 28 मई को ही अलमोड़ा में एक सड़क दुर्घटना में रुड़की के एक परिवार के 3 सदस्यों की मृत्यु हो गई।29 मई को उत्तर प्रदेश के गोंडा में भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे कर्ण भूषण सिंह के काफिले की एक गाड़ी ने 2 बाईक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई जबकि सड़क के किनारे बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।29 मई को ही महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक कार के नहर में गिर जाने से एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई।29 मई को ही फिरोजपुर के कस्बा मक्खू में सड़क पार करते समय एक दुकानदार को एक बस ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 29 मई को ही दिल्ली में तेज रफ्तार बाईक गीता कालोनी फ्लाईओवर से लगभग 25 फुट नीचे गिर जाने से दो युवकों की मौत हो गई। अब 30 मई को जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा कालीधार मार्ग पर एक हृदय विदारक दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के हाथरस से शिवखोड़ी जा रही तीर्थयात्रियों की स्लीपर बस ड्राईवर द्वारा तीखे मोड़ पर संतुलन न रख पाने के कारण 5-6 पलटियां खाकर 200 फुट की गहरी खाई में गिर जाने से 22 तीर्थ यात्रियों की मौत और 64 तीर्थ यात्री घायल हो गए।



निश्चय ही यह दुर्घटनाएं अत्यंत दुखद हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं से मरने वालों के परिवारों पर अचानक वज्रपात हो जाता है, इनके चलते अनाथ, विधवा और यतीम हो जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बूढ़े माता-पिता का जीवन भी नरक बन जाता है। अतः इनसे बचाव के लिए वाहन चालकों को प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतने की आवश्यकता है। निस्संदेह, ऐसी बड़ी दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय लापरवाही ही होती है। यह विचारणीय तथ्य है कि मैदानी इलाकों से पवर्तीय मार्गो पर बस या अन्य वाहन ले जाने वाले चालकों को क्या पहाड़ी रास्तों पर बस चलाने का पर्याप्त अनुभव होता है? जो तीखे मोड़ पर वाहन को नियंत्रित कर सकें दरअसल, जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते पहाड़ी इलाकों में होने वाली दुर्घटनाओं में मानवीय क्षति ज्यादा होती है। वजह साफ है कि गहरी खाई बचने के मौके कम ही देती हैं। यह विडंबना है कि बड़े हादसों के बाद शासन-प्रशासन की तरफ से मुआवजे व संवेदना का सिलसिला तो चलता है लेकिन हादसों के कारणों की तह तक नहीं जाया जाता। यदि हादसों के कारणों की वास्तविक वजह सार्वजनिक विमर्श में आए तो उससे सबक लेकर सैकड़ों लोगों की जान बचायी जा सकती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है। वहीं करीब साढ़े चार लाख लोग इन दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं। इनमें कई लोग तो जीवन भर के विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। आपको बता दें कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर है। लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में नीति-नियंताओं की तरफ से बेमौत मरते लोगों का जीवन बचाने की ईमानदार पहल नहीं होती। हाल के वर्षो में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गो का विस्तार हुआ। सड़कें चौड़ी और सुविधाजनक हुई। लेकिन रफ्तार का बढ़ना जानलेवा साबित हो रहा है। कहींझकहीं सड़क निर्माण तकनीकी में चूक भी हादसों की वजह बनने की खबरें आई हैं। वहीं बड़ी संख्या में हादसों की वजह अनियंत्रित रफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन तथा शराब पीकर वाहन चलाना रहा है। यदि दुर्घटनाओं के कारणों में विस्तार से जाएं तो वाहन चलाने के अनुभव के बिना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करना व ट्रक चालकों की आंखों की नियमित जांच न होना भी सामने आता है। दरअसल, वाहनों की फिटनेस, सार्वजनिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच तथा निर्धारित समय तक ही वाहन चलाने की अवधि भी तय की जानी चाहिए। कई सर्वेक्षण बताते हैं कि चालक की नींद पूरी न होने और उसे पर्याप्त आराम न मिलने से हादसा हुआ चिंता की बात यह भी है कि लोग रात में सफर करना सुविधाजनक मानने लगे हैं। जबकि रात को वाहन चलाना कई मायनों में असुरक्षित होता है और किसी हादसे के बाद पर्याप्त सहायता व उपचार न मिलना जानलेवा साबित हो सकता है। इन दुर्घटनाओं का दुखद पहलू यह है कि मरने वाले में अधिकांश युवा व परिवार के कमाने वाले सदस्य होते हैं। हादसे के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। यह राष्ट्र की बड़ी आर्थिक क्षति होती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि यदि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओ में मरने वाले लोगों की संख्या रोकी जा सके तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में तीन फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। नीति-नियंताओं को इस बात पर भी विचार करना होगा कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत में वाहन कम होने के बावजूद सड़क दुर्घटनाएं इतनी बड़ी संख्या में क्यों होती हैं? दुर्घटनाओं के कारणों में सड़कों की खस्ता हालत, खुले मैनहोल, यातायात नियमों का उल्लंघन, शराब पीकर या अनियंत्रित गति से गाड़ी चलाना, लगातार अधिक समय के लिए बिना रुके या बिना पूरी नींद लिए वाहन चलाना शामिल है। अतः इन्हें रोकने के लिए कुछ अवधि के बाद ड्राईवर को आराम दिलाना, उसका मुंह आदि धुलवाना और लम्बा सफर होने पर एक अतिरिक्त ड्राईवर साथ लेकर चलना चाहिए।

## एक नजर

### एलईडी के माध्यम से मतगणना के परिणाम की दी जाएगी जानकारी

**जगदलपुर, 3 जून।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की पल-पल की जानकारी हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के निर्देश पर सिराहासार चैक, मिताली चैक एवं सिटी कोतवाली चैक मे बड़ी एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। लोकसभा निर्वाचन के मतगणना मंगलवार को धरमपुरा स्थित मतगणना स्थल से होना है जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधानसभावार इसकी गणना प्रातः 8 बजे से प्रारम्भ होगी। मतगणना के परिणाम को पूर्ण पारदर्शिता से मतदाताओं को दिखाने हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जगदलपुर शहर के तीन प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी के माध्यम से ऑनलाईन मतगणना परिणाम को प्रदर्शित किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इसके लिए सिराहासार चैक, मिताली चैक एवं सिटी कोतवाली चैक में बड़ी एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है इसमें प्रातः 8 बजे से ही मतगणना के परिणाम आमजनों और मतदाताओं को उपलब्ध होते रहेंगे।

### मतगणना स्थल की तैयारी का ऑब्जर्वर ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर, 3 जून ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 4 जून हेतु मतगणना स्थल आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा की तैयारियों का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक श्री जे गणेशन ने किया । इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने मतगणना स्थल में तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना की व्यवस्था, डाक मतपत्र के गणना की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी, साथ ही मतगणना स्थल में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया के प्रवेश की व्यवस्था से अवगत कराया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का किया गया रेंडमाईजेशन

**जगदलपुर, 3 जून ।** लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य हेतु प्रेक्षक श्री जे गणेशन की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए गणना कर्मियों का रेंडमाईजेशन किया गया। सोमवार को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में रेंडमाईजेशन की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री भरत कौशिक, श्री एआर राणा एवं श्री सुब्रत प्रधान और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बाइक बदमाश लूटकर फरार

**भिलाई, 3 जून।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र किसान से बाइक बदमाश 3.38 लाख रुपए से ज्यादा की रकम लूटकर फरार हो गए पीड़ित अपने चाजा के साथ बैंक से पैसा निकालकर घर लौट रहे थे। इस बीच चाचा की आंखो में मिर्ची पाउडकर डालकर बाइक को गिरा दिया चाकू की नोक पर डिग्गी में रखी रकम लूट ले गए शिकायत पर पुलिस ने धारा 341, 392, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है पुलिस ने बताया कि मामले में ग्राम सालहेखुर्द निवासी सुरेश जंघेल ने शिकायत दर्ज कराई थी प्रार्थी के मुताबिक अपने गांव के चाचा यशंवत जंघेल को लेकर बाइक (सीजी 25-2250) से ग्राम घोठा जाकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से 43 हजार रुपए निकाला इसके बाद धमधा जाकर बैंक आफ इंडिया 2 लाख 95 हजार निकले इस प्रकार 3 लाख 38 हजार रुपए और दोनों बैंक की पासबुक को एक थैले में रखकर अपना गांव सालहेखुर्द जाने के लिए बाइक से निकले गांव से करीब आधा घंटे पहले बाइक सवार नकाबपोश युवक उनका पीछा करके हुए पास पहुंचे पहले आरोपियों ने बाइक पर पीछे बैठे चाचा यशंवत के कपडे को खीच कर रोकने का प्रयास किया, नहीं रोक पाने पर चाचा के चहरे पर मिर्ची पाउडर फेंक दिया, जिससे उसकी बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और बाइक समेत दोनों गिर गए इस बीच एक नकाबपोश ने चाकू दिखाकर डिग्गी में रखे थैला सहीत रकम 3 लाख 38 हजार रुपए की रकम और दोनों बैंक के पासबुक को भी लूटकर भाग गए। इस पर उन्होंने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज करा दी

# 4 हार्डकोर ईनामी सहित 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 3 जून।** रविवार को 4 हार्डकोर नक्सली जिनमें 1 नक्सली पर 2 लाख एवं 3 नक्सलियों पर 1-1 लाख रूपये का इनाम घोषित था के साथ 8 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित नक्सली नक्सल संगठन में जुड़कर विभिन्न नक्सली गतिविधियों जैसे पुलिस गस्त पार्टी की रेकी कर हमला करना, आवागमन वाले मार्गो को खोद कर अवरूद्ध करना, शासन-प्रशासन के विरूद्ध में नक्सली पर्चा-पाम्पलेट लगाना, ग्रामीणों से डरा-धमका कर लेव्ही वसूली करना आदि घटनाओं में शामिल रहे है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जायेंगें। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में 2, 226 वाहिनी सीआरपीएफ आसूचना शाखा व थाना कुकानार स्टाफ एवं नक्सल सेल इंटेरोगेशन शाखा का रहा विशेष प्रयास रहा।

आत्मसमर्पित नक्सलियों में महिला वेट्टी मासे पिता स्व. वेट्टी कोसा पति कवासी सोमडू (मंलगेर एरिया प्लाटून नंबर 24 पार्टी सदस्या, ईनामी 02 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी बडे गादम स्कूलपारा थाना कटेकल्यण जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.), सागर उर्फ देवा मड़काम पिता स्व. हुंगा (मंलगेर एरिया कमेटी सदस्य, मारोकी पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी पोरोगादम मारोकी थाना गादीरास जिला सुकमा, महिला सोड़ी तुलसी पति सोड़ी एंका (सिंगाराम आरपीसी केएमएस अध्यक्ष, ईनामी 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी सिंगाराम मड़कमपारा थाना गोलापल्ली जिला सुकमा, पोडियम नंदे पिता स्व0 भीमा (बुर्कलंका आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष ईनामी 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा), उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी गट्टापाड बडापारा थाना किस्टाराम जिला सुकमा, वेट्टी सुक्का पिता वेट्टी बूधा (कुंजेरास पंचायत मिलिशिया प्लाटून सदस्य) उम्र लगभग 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी बडे गादम स्कूलपारा थाना कटेकल्यण जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.), वेट्टी हड़मा पिता स्व. पाण्डू (बडे गादम पंचायत जनताना सरकार सदस्य) उम्र लगभग 41 वर्ष जाति मुरिया निवासी बडे गादम स्कूलपारा थाना कटेकल्यण जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.), कवासी देवा पिता हिड़मा (बडे गादम पंचायत जनताना सरकार सदस्य) उम्र लगभग 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी बडे गादम स्कूलपारा थाना कटेकल्यण जिला दन्तेवाड़ा (छ.ग.) एवं कलमू सिंगा पिता स्व0 भीमा (सिंगाराम आरपीसी पंच कमेटी अध्यक्ष) उम्र लगभग 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी सिंगाराम जबेली थाना गोलापल्ली जिला सुकमा शामिल है। नक्सली वेट्टी मासे, वेट्टी सुक्का, वेट्टी हड़मा, कवासी देवा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 226 वाहिनी आसूचना शाखा व थाना कुकानार का स्टाफ एवं नक्सली सागर उर्फ देवा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 02 री वाहिनी आसूचना शाखा एवं सोड़ी तुलसी, कलमू सिंगा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में नक्सल सेल इंटेरोगेशन शाखा का विशेष प्रयास रहा है।

# छत्तीसगढ़ सरकार बदल गई, पर शराब घोटाले पर नहीं लगी रोक

**कोरबा,3 जून ।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला के लिए कु यात कांग्रेस सरकार बदल गई और कई रसूखदार जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए लेकिन शराब घोटाला पर अब तक विराम नहीं लगा है। एक और जहां निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है, वहीं दूसरी ओर दो नंबर के शराब की बिक्री की खबरें भी सुनने में आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कोरबा के शारदा विहार शराब दुकान में 180 रुपये मूल्य का बियर 200 रुपये में बेचा जा रहा है। इसके अलावा जिले के शराब दुकानों में बड़ी तादाद में मिलावट किए जाने की खबरें भी सुनने में आ रही है। बताया जा रहा है कि विभिन्न शराब दुकानों में ऊंची किस्म की शराब में हल्की क्वालिटी के शराब की मिलावट की जा रही है। संबंधित लोगों के पास बन्द बोतल को खोलकर मिलावट करने और उसे दोबारा सील बंद करने की सुविधा उपलब्ध है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले की शराब दुकानों में वैधानिक रूप से उपलब्ध कराई गई शराब के अलावा बड़ी मात्रा में अवैध शराब भी बेची जा रही है। अवैध शराब से अर्जित आय शासन के खजाने में ना जाकर स्वाभाविक रूप से घोटाले बाजों की तिजोरी में जा रही है। सूत्रों का कहना है कि शराब की कीमतों में की गई वृद्धि के चलते शासन के राजस्व में कोई कमी नहीं आ रही है, बल्कि पूर्व की तुलना में आय में वृद्धि ही हुई है। यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री को लेकर शासन को किसी भी स्तर पर संदेह होने की गुंजाइश नहीं बची है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इतने बड़े घोटाले के पीछे कहीं ना कहीं कोई उ'च स्तरीय संरक्षण हो सकता है।

हैरानी की बात तो यह है कि जिले में पदस्थ जिस अधिकारी पर शराब घोटाले में शामिल होने का संदेह है और जिसके ठिकानों पर ई डी ने छापा मार कार्रवाई की थी, वह अधिकारी अभी भी जिले में पदस्थ है और संपूर्ण कारोबार का संचालन वही कर रहा है। ई डी की कार्रवाई के बाद संबंधित अधिकारी को जिले से क्यों नहीं हटाया गया और जिले में दोहरा प्रभार देकर क्यों रखा गया है? यह सवाल विभाग में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

इतना ही नहीं सूत्रों का कहना है कि एक और जहां सरकारी शराब दुकानों में बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहा है, वहीं दूसरी ओर वनवासी बाहुल्य जिले में अनुसूचित जनजाति के लोगों के खिलाफआए दिन फर्जी मामले बनाए जा रहे हैं। मामलों को रफा दफा करने के लिए अनुसूचित जनजाति के लोगों से भारी भरकम रिश्वत की भी वसूली की जा रही है। जो व्यक्ति आबकारी अमले की मांग पूरी करने में असफल रहते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण बना दिया जाता है। जिन लोगों से मुंहमांगी रकम मिल जाती है, ऐसे लोगों के मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। सूत्रों का यह भी दावा है कि आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने किराए पर बाउंसर ले रखा है जो उनके साथ लोगों के घरों में छापामार कार्रवाई करते हैं और शराब ठेकेदारों के पंडों की स्टाइल में भोले भाले ग्रामीणों को प्रताड़ित करते हैं। कोरबा जिले में हो रहे शराब घोटाले और अनुसूचित जनजाति के लोगों की प्रताड़ना को लेकर प्रदेश के मु यमंत्री विष्णु देव साय से कार्रवाई की अपेक्षा की गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश, पात्र-अपात्र सूची एवं प्रवेश पत्र जारी

**कोरबा, 3 जून।** वर्ष 2024-25 में प्रदेश में संचालित शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश चयन परीक्षा की तिथि 09 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक निर्धारित है। कोरबा जिले में चयन परीक्षा हेतु 74× फॉर्म प्राप्त हुए थे जिसमें 7×5 पात्र तथा 08 अपात्र पाए गए हैं। विद्यार्थी एकलव्य की वेबसाइट जनकमदज- क्उपेपवद-क्मजंपस कउपेपवद.क्मजंपस पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं मोबाइल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों का फॉर्म रिजेक्टर किया गया है वे अपने आवेदन क्रमांक एवं पिता के मोबाइल नंबर की सहायता से कारण जान सकते हैं। पात्र विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र अपने ब्लॉक के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकलाध्लाफ पालीध्रामपुर पोड़ीउपरोड़ा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर से कोरबा से प्राप्त कर सकते हैं।

### अवैध निर्माण पर नगर निगम का चला बुलडोजर

**कोरबा, 3 जून।** शिवनगर रूमगरा क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर जबरिया मकान का निर्माण किए जाने की शिकायत स्थानीय पार्षद ने आयुक्त से की थी। शुक्रवार को निगम का बुलडोजर अतिक्रमण पर चलाया गया। इस बीच अतिक्रमणकारियों का विरोध सामने आया। विरोध को दरकिनार कर तोड़ूदस्ता ने अपनी कार्रवाई की। मामला नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 42 शिवनगर रूमगरा का है। पार्षद पुराईन बाई कंवर ने मामले की शिकायत की थी। निगम आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया था कि शिवनगर रूमगरा के दशहरा मैदान सह प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शत्रुहन प्रसाद कुर्रे पिता धनसाय के द्वारा अतिक्रमण करते हुए जबरन घर का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी सूचना नगर निगम को दी गई थी। निगम के अधिकारी द्वारा नोटिस पहुंचाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा नोटिस लेने से इनकार किया गया।

### अत्यधिक गर्मी में लू लगने से युवक की मौत

**सुकमा 3 जून।** जिले के दोरनापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत दोरनापाल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 03 में एक युवक का आज रविवार दोपहर में अत्यधिक गर्मी से लू लगने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश के रूप में हुई है, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुरेश सड़क के किनारे अचानक गिरकर तड़पने लगा, जब तक लोग उसकी मदद के लिए पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार दोरनापाल में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, इसी बीच मृतक सुरेश ने अत्यधिक शराब का सेवन किया था, जो उसकी मौत का संभावित कारण बताया जा रहा है।

# बालको ने अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ किया एमओयू

**कोरबा, 3 जून ।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। इसके अंतर्गत बालको अल्ट्राटेक सीमेंट को 75,000 मीट्रिक टन लाई ऐश की आपूर्ति करेगा, जिसका उपयोग कम कार्बन वाले सीमेंट के उत्पादन में किया जाएगा। कंपनी भारत के कुछ प्रमुख सीमेंट उत्पादकों को उ'च गुणवत्ता वाली लाई ऐश का पसंदीदा आपूर्तिकर्ता बन गया है। इससे सीमेंट उद्योग में लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी। लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जो बालको के एल्यूमिनियम प्लांट की बिजली की जरूरतों को पूरा करने से उत्पादित होता है। इसमें विभिन्न उद्योगों में पुनरू उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट उद्योग में अपने अंतर्निहित सीमेंटीय गुणों के कारण क'चे माल के तौर पर इसकी मांग है। इसके उपयोग से पानी की खपत में कमी, बेहतर कार्य क्षमता, बेहतर यांत्रिक गुण और टिकाऊपन आदि शामिल है। इसके साथ औद्योगिक उप-उत्पाद होने के कारण लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट लागत तथा ऊर्जा बचत हुई है। सीमेंट निर्माण में लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 700-800 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 4.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन ×41 लीटर पानी बचाया जा सकता है। लाई ऐश का उपयोग सीमेंट के अलावा ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन हुआ जिससे लाई ऐश के उपयोग में वृद्धि हुई है। बालको के बिजली संयंत्र में उ'च गुणवत्ता वाले कोयला इस्तेमाल से कम सल्फर तथा उ'च गुणवत्ता वाली राखड़ होता है जो सीमेंट उत्पादन, ईंट एवं सड़क निर्माण के लिए आदर्श उत्पाद है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करते हुए 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 150 प्रतिशत राखड़ का उपयोग सुनिश्चित हुआ है। हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बालको के मु य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम उप-उत्पादों के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करके सर्कुलर इकोनॉमी पहल को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे इंडस्ट्री एमओयू से कई लाभ हुए हैं जिसमें सीमेंट निर्माण के गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी, लागत में कमी और सस्टेनेबिलिटी लाभ के साथ ही प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन में भी सहायता मिली है। हमारे वेस्ट टू वेल्थ पहल का उद्देश्य वैल्यू चैन को विकसित करना है जो हमारे उप-उत्पादों को अन्य उद्योगों के लिए मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करते हैं। यह समझौता हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर ब्लड प्रेशर की जांच की जा रही है



**कोडागाँव, 3 जून।** कोडागाँव एक्सिस बैंक के द्वारा नगर पालिका के बांधा तालाब के सामने गार्डन में मॉर्निंग वॉक में आने वाले लोगों का स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क ब्लड प्रेशर बीपी की जांच की जा रही है एवं साथ में गर्मी को देखते हुए जांच करने वाले लोगों को व बच्चों को मट्ठा छाछ ठंडा पानी भी पिलाया जा रहा है इस अवसर पर एक्सिस बैंक के मैनेजर ने कहा की एक्सिस बैंक कोंडागांव शाखा के द्वारा गर्मी को देखते हुए एवं जनहित में यह स्वास्थ्य शिविर ब्लड प्रेशर जांच हमारे शाखा की ओर से किया जा रहा है और आम लोगों से अपील हैं की गर्मी तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा है आप सभी आकर जांच करवा सकते हैं इस अवसर पर आशीष माडे बी एम , बलवंत भारती मैनेजर , मोहसिन कुरेशी जितेश कुमार ,अतुल कोराम, जसमीत टाँक ,तिलक मानिकपुरी ,नर्स एवं अन्य उक्त जानकारी बलवंत भारती एक्सिस बैंक के द्वारा दी गई।

### मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त

**सुकमा, 3 जून ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुकमा में 04 जून को होने वाले मतगणना को शांतिपूर्वक, पारदर्शिता, निष्पक्षता से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा श्री राजू वी गवास (एससीएस, जीए-2006) को विधानसभा क्षेत्र कोंटा के मतगणना हेतु गणना ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। गणना आब्जर्वर न्यू सर्किट हाउस सुकमा में ठहरे हैं और उनका दूरभाष क्रमांक 98221- 75719 है।

### ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा घरेलू उत्पाद बनाना



**जगदलपुर, 3 जून ।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान जगदलपुर द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत आसना में किया गया, जिसका मूल्यांकन रविवार 02 जून 2024 को किया गया। इस शिविर में 21 ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अचार-पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरसेटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से स्टेट कंट्रोलर आरसेटी अरुण सोनी और आरसेटी निदेशक हेमंत सलाम का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए आए मूल्यांकनकर्ता श्रीमती अंजलि रजक एवं श्रीमती शालिनी गौतम के द्वारा कौशल और सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। शिविर में श्रीमती मोनिका निषाद ने महिलाओं को प्रत्येक प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया। आरसेटी जगदलपुर के फैकल्टी मेंबर एन. मधुसूदन, श्रीमती रूमा राय और कार्यालय स्टाफ दयाराम मौर्य एवं राहुल बघेल ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये संस्थान विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे प्रतिभागियों को नए-नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आरएसईटीआई का प्रयास है कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए।

### छत्तीसगढ़ में क्लीन स्वीप करेगी भाजपा- खूबचंद पारख

**राजनांदगांव 3 जून।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कहा कि 4 जून को छत्तीसगढ़ में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है, और 11 की 11 सीट जीतने की ओर अग्रसर हो रही है, उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राजनांदगांव से भूपेश बघेल की करारी हार होगी, क्योंकि इस बार जनता भूपेश बघेल की नीति, रीती को समझ चुकी थी और उन्होंने अपना आशीर्वाद मोदी जी को दिया है, जिसके फलस्वरुप यहां से संतोष पांडे डेढ़ लाख से ज्यादा वोटो से विजई होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विगत 10 वर्षों में मोदी जी के सफल नेतृत्व में देश उच्चतम ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण देश के युवा, महिला, किसान, श्रमिक, व्यापारी और सभी वर्गों ने मोदी जी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए भाजपा को वोट दिया है, इसलिए भाजपा अपने लक्ष्य 400 से पर जा रही है और 405 सीटों के साथ एनडीए सरकार बनाने जा रही है। खूबचंद जी ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन साधना पर गए तो विपक्ष को पेट में दर्द हो रहा था। श्री पारख ने कहा कि विपक्ष के पास ना दिशा है, और ना कोई कार्यक्रम। मात्र विरोध करने हेतु विरोध करना है, अब तो लगता है कि मोदी जी कहेंगे कि हमें मजबूत विपक्ष चाहिए तो यह उसका भी विरोध करेंगे, आज मोदी जी ने पुरातत्व इतिहास में सनातन मौन साधना, जिसे जैन ऋषि मुनि लगातार कर रहे हैं, उस पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाने के लिए मौन साधना के माध्यम से ईश्वर से आशीर्वाद लेने का प्राचीन सनातन धार्मिक पद्धति पर अमल करते मौन साधना कर रहे हैं तो विपक्ष को इसका विरोध नहीं करना चाहिए और मजाक नहीं उड़ाना चाहिए था, इसके पूर्व भी मोदी जी ने कई बार मौन साधना की है परंतु इस बार विपक्ष ने मोदी जी के विरोध में गंदे गंदे कमेंट किया, जिसके कारण विपक्ष के इस कृत्य से अंतिम चरण की 57 सीटों में विपक्ष का सुपड़ा साफ हो जाएगा । श्री पारख ने कहा कि आज देश की जीडीपी 8.2त्न हो गई है, और गर्व का विषय है कि विदेश में रखा हुआ 100 टन सोना वापस आ रहा है और ऐसी स्थिति में विपक्ष हास्यस्पद स्थिति को पैदा कर रहा है, इसलिए 4 जून को छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में भाजपा क्लीन स्वीप करने जा रही है और मोदी जी पुनः देश को आगे बढ़ाने के लिए जन सेवक की भूमिका में देश की सेवा करने के लिए प्रधानमंत्री पद संभालेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत 4 जून तक रहेंगे प्रवास पर

**कोरबा, 3 जून ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ×1 मई से 4 जून 2024 तक जांजगीर-चांपा, कोरबा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुरध्कोरिया के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार डॉ. महंत ×1 मई को सायं 6 बजे निज निवास देवेन्द्र नगर से सारागांव जांजगीर-चांपा के लिए प्रस्थान करेंगे। 1 जून को प्रातरू 10.×0 बजे सारागांव से कोरबा हेतु प्रस्थान करेंगे। कोरबा में प्रातरू 11रू×0 बजे कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। दोपहर × बजे कोरबा से पेण्ड्रा (कोटमी), जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही हेतु प्रस्थान करेंगे। सायं 5 बजे पेण्ड्रा में कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात बाद शाम 6 बजे पेण्ड्रा से मनेन्द्रगढ़, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर हेतु प्रस्थान करेंगे। रात्रि 7रू×0 बजे मनेन्द्रगढ़ में कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात बाद रात्रि 9रू×0 बजे मनेन्द्रगढ़ से बैकुंठपुर जिला कोरिया हेतु प्रस्थान करेंगे।2 जून को प्रातः 10 बजे डॉ. महंत बैकुण्ठपुर में कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात कर प्रातरू 11रू×0 बजे बैकुण्ठपुर से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.×0 बजे कोरबा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। × एवं 4 जून को भी वे कोरबा में रहेंगे व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

# उलेरा के डिही में एसटीएस सीओबीसी मूलनिवासी समाज की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**कोंडागांव, 3 जून।** कोडागाँव जिला के अंतर्गत माकड़ी ब्लॉक, ग्राम उलेरा में दिनांक 01/06/2024 दिन शनिवार को स्ञ्ज स्ष्ट ह्रक्चष्ट मूलनिवासी समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के तत्वावधान में जिला स्तरीय बैठक ग्राम उलेरा के डिही में रखा गया,,गांव नार संरचना एवं गांयता व्यवस्था के अनुसार विवादित नजूल काबीज भूमि का निराकरण हेतु यह बैठक आहूत किया गया,, बैठक में आवेदक ग्राम वासी, और अनावेदक भी ग्रामवासी,, के साथ समस्त ग्राम पंचायत उलेरा के सर्व समाज बैठक में भारी संख्या में उपस्थित रहे, तीनों वर्गों के सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही और साथ ही सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री बंगा सोढ़ी एवं अन्य पदाधिकारी गण बैठक में सम्मिलित हुए। आवेदन पत्र का अवलोकन किया गया, मौके पर जाकर सामाजिक पदाधिकारी गण,, ग्राम वासियों की उपस्थिति एवं ह.पटवारी की उपस्थिति में यह निरीक्षण किया गया,, भूमि अमाई बाग के नाम पर शासकीय भूमि खसरा नंबर 41/2 कुल रकबा 3.80 एकड़ राजस्व रिकार्ड में दर्ज है , उक्त भूमि के कुछ डिसमिल में तीन चार लोग आवासीय अतिक्रमण कर काबिज पाया गया है,, कुछ लोग लकड़ी के पुराना खंभा रोप से घेराव किये हैं,, और एक अतिक्रमण के द्वारा पक्का बाउंड्री वॉल बना कर एक दो डिसमिल को घिराव किया गया है,, मौके पर सीमांकन नहीं हो पाने के कारण मूलनिवासी समाज के जिला



अध्यक्ष श्री फरसू राम सलाम और सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री बंगा राम सोढ़ी और सभी समाजिक पदाधिकारियों के के द्वारा सभी को समझाइश करते हुए,, ग्राम पंचायत उलेरा के सरपंच,पटेल गांयता एवं वरिष्ठ गणों के द्वारा अंतिम निर्णय देने की कोशिश किये,, मूलनिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री फरसू राम सलाम के द्वारा सरपंच और पटेल गांयता के द्वारा पूर्व में दिए निर्णय अनुसार अंतिम संतुलन निर्णय सुनाया गया,, अनावेदक निर्णय को सहमति दी,, सभी समाज वर्गों के द्वारा भी अंतिम निर्णय को सहमति एवं स्वागत किये,,मूलनिवासी समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के पदाधिकारी श्री फरसू राम सलाम जिला अध्यक्ष,श्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नीलकंठ शार्दुल,संरक्षक श्री धंसराज टंडन महा सचिव श्री शीतल मरकाम, जिला सचिव श्री एस आर सोरी, कोषाध्यक्ष श्री सूरज लाल मातलाम, वरिष्ठ सलाहकार श्री फूलचंद दीवान, श्री वरिष्ठ सदस्य श्री संतोष साहू,जि.सचिव श्री लोक नाथ निषाद संगठन मंत्री श्री हृदय मंडावी, श्री यतीन सलाम ब्लाक अध्यक्ष कोंडागांव,,श्री अग्रहित कुमेटी ब्लाक अध्यक्ष केशकाल, वरिष्ठ सदस्य श्री फूलसिंह नेताम श्री प्रवक्ता श्री धनी राम मरकाम, कुमारी रेखा कुंवर उपाध्यक्ष, श्री रिंकेश कुंवर सदस्य, श्री सुखदेव नेता सदस्य,सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष श्री बंगा राम सोढ़ी, जिला सचिव श्री जीवन लाल नाग एवं अन्य समाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति भारी संख्या में रही,,ग्राम पंचायत उलेरा के सभी वर्गों के सामाजिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एवं गांयता पुजारी, मांझी,पलेल प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग किये ?।

#### बैठक शांति पूर्वक संपन्न हुआ

बैठक के अध्यक्षता श्री फरसू राम सलाम के द्वारा अंतिम निर्णय सुनाया और सभी को गांव नार संरचना एवं गांयता व्यवस्था के अनुसार सभी को मिलजुल रहकर बारह मानेय बारह सगा भाईयों में पेन व्यवस्था को संचालित करने के लिए बाजा,मोहरी को बजाने के लिए समझाइश देते हुए,,सभा को समाप्ति की घोषणा करते हुए सभी को प्राकृतिक रूप से जोहार किया।

**एक नजर**

## सवा लाख बाती से महाआरती के बाद रामेश्वरम धाम में कथा को दिया विराम



**महासमुंद।** रामेश्वरम धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का हवन, पूजन, अनुष्ठान और सवा लाख बाती से महाआरती के बाद विश्राम हुआ। इस दौरान कथा मंडप जय घोष से गुंजित होता रहा। नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी ने व्यास पीठ से भगवान के अवतारों की कथा का बखान किया। जिसका श्रवण लाभ लेने 50 से अधिक तीर्थ यात्री महासमुंद नगर व आसपास से गए थे। हवन -अनुष्ठान के बाद कपिला तर्पण, यज्ञांतस्नान का पुण्य लाभ तीर्थयात्रियों ने लिया। पश्चात सभी तीर्थयात्री रामेश्वरम धाम से घर वापसी के लिए प्रस्थान किए। वापसी में तीर्थ यात्रियों का जत्था मदुरई में मीनाक्षी देवी के दर्शन उपरांत अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण के लिए रवाना हुआ। सभी तीर्थ यात्री तीन या चार जून को नगर पहुंचेंगे।भागवत कथा आयोजन समिति के मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन, देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि आचार्य पंकज तिवारी के सानिध्य में पूजन विधान कमलेश चौबे, दिनेश चौबे, सूर्यप्रकाश चौबे, रिकेश दुबे चिराग धर दीवान, शंकर दुबे ने पूर्ण कराया। वहीं तीर्थ यात्रियों में प्रमुख रूप से शंकर पांडे, इंद्राणी पांडे, मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू, हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, मारकंडे चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, अणुरेंद्रधर दीवान, सुनीता दीवान, शीला पांडे, विमला, कुमारी साहू, रश्मि, सीमा लड्ढा, पुष्पलता अग्रवाल रमा आदि मौजूद रहे।

## मतगणना के परिणाम के टेबूलेशन का अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। मतगणना के परिणाम का टेबुलेशन करने के लिए कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक द्वारा टेबुलेशन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें कलेक्टर सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने कहा कि टेबुलेशन का कार्य अत्यंत सावधानी से किया जाने वाला कार्य है। परिणामों की प्रविष्टि निर्धारित प्रपत्रों में करते समय थोड़ी सी भी चूक या त्रुटि नहीं होनी चाहिए।

प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, एसडीएम उमेश साहू उपस्थित थे। जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा के गणना हाल में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल का प्रभारी अधिकारी कंट्रोल यूनिट से परिणाम देखकर प्रारूप 17 सी का भाग दो तैयार करेगा तथा टेबुलेशन के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल में भेजेगा। इनके आधार पर चरणवार रूझान/ परिणामों की जानकारी तैयार की जाएगी तथा प्रारूप 20 के भाग एक में लिखकर रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर भेज दी जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर नियुक्त अधिकारी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्राप्त प्रारूप 20 के भाग एक के आधार पर भाग दो बनाया किया जाएगा, जिससे संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का परिणाम तैयार होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी चरणों की गणना समाप्त होने के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रारूप 21 ई में निर्वाचन की विवरणी तैयार किया जाएगा। जिसके आधार पर अंतिम परिणाम की घोषणा की जाएगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर गोस्वामी द्वारा टेबुलेशन में प्रयुक्त होने वाले समस्त फार्मेट, प्रारूपों को पावर पाइंट प्रजेंटेशन द्वारा दिखाते हुए तैयार करने की विधि भी बताया गया। प्रशिक्षण में सभी संबंधित टेबुलेशन अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरवासियों की समस्याओं को देखते हुए नपा सभापति ने निजी खर्च पर टैंकर कराया उपलब्ध



**महासमुंद।** शहर के विभिन्न वार्डों में जल संकट की स्थिति से निबटने नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू ने स्वयं के व्यय पर पानी टेंकर उपलब्ध कराकर निःशुल्क जल वितरण कार्य का शुभारंभ आज किया। बता दें कि सभापति श्री साहू को उनके वार्ड सहित शहर के विभिन्न वार्डों के लोगों ने पानी की समस्या से अवगत कराया था। अनेक वार्डों के लोगों ने उनके कार्यालय में आकर बताया था कि नलों की धार पतली है। मुख्य पाइप लाइन से जुड़कर छोटे गलियों में गुजरी पाइप लाइन में तो पानी ही नहीं चढ़ पा रहा। इससे उनके नलों में महज एक या दो बाल्टी पानी ही उन्हें मिल रहा है। जिससे पेयजल व निस्तारी के लिए काफी समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। इसके अलावा कुएं सूख चुके हैं। सार्वजनिक हैंडपंपों से भी पानी नहीं निकल रहा।नपा सभापति श्री साहू उपरोक्त समस्याओं को लेकर गत दिनों मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे से चर्चा कर त्वरित समाधान की बात कही थी। भीषण गर्मी में लोगों को जल उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए उन्होंने आज अपने खर्च पर पानी टैंकर के माध्यम से शहर वासियों को जल वितरण कार्य का शुभारंभ किया।

# कुटरू में आदिवासी का मकान तोड़े जाने की सर्व आदिवासी समाज ने की निंदा



बीजापुर, 3 जून। कुटरू के आदिवासी परिवार सोमा चिड़ियाम के मकान को तहसीलदार द्वारा तोड़े जाने की शिकायत पर सर्व आदिवासी समाज ने कुटरू पहुंच कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा प्रशासन पर आदिवासी के मकान को तोड़े जाने को लेकर जल्दबाजी और कोर्ट के आदेश का गलत अनुवाद कर उच्च न्यायालय की अवमानना का आरोप लगाया है।सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी ने बताया कि सोमा चिड़ियाम का परिवार यहां कई दशकों से निवासरत है। कुटरू में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक बाजार पारा के पास सोमा चिड़ियाम का मकान था जिसके पास नाजिर खान का प्लाट था जिसे उसने अंबिका प्रसाद गुप्ता को बेच दिया था। अंबिका प्रसाद गुप्ता समय समय पर सोमा चिड़ियाम की जमीन को अपना बताता रहा और वर्ष 1979 को बाजार के दिन सोमा चिड़ियाम के मकान को गिरा दिया था। जिसके बाद पुलिस थाना कुटरू के माध्यम से प्रकरण भी चला गया था। वर्ष 2003 में आपसी सहमति के आधार पर मामला खत्म हो गया था। जिसके बाद फिर से सोमा चिड़ियाम वहां घर बना कर रहने लगा था। ग्रामीणों ने बताया कि मार्च 2017 में रेवेन्यू इंस्पेक्टर और दो पटवारियों के साथ कोर्ट का कागज लेकर घर तोड़ने के लिए पहुंचे थे जिस पर गांव के पंच, सरपंच और प्रमुख लोगों की बैठक कर सोमा चिड़ियाम के पक्ष में निर्णय देते हुए पंचायत का प्रस्ताव बना कर एसडीएम कार्यालय सौंपा गया था। जिसके बाद मामला शांत हो गया था। ग्रामीणों ने समाज प्रमुखों को बताया कि 27 मई 2024 की शाम तहसील कार्यालय से एक नोटिस सोमा चिड़ियाम के नाम से मिला जिसमे अगले दिन 28 मई 2024 को दलबल के साथ कुटरू तहसीलदार पहुंचे और मकान को ढहा दिया। इसके साथ ही घर का सारा सामान लूट कर ले गए जिसमे परिवार के जीवन भर की कमाई थी।आदिवासी समाज के नेता ने कहा कि जांच पड़ताल में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है तथा इन अधिकारियों की भाषा समझ पर सवाल उठता है। सर्व आदिवासी समाज जल्द ही इस मसले को लेकर जिले के कलेक्टर से मिल कर उचित न्याय की मांग करेगा तथा राज्यपाल व राष्ट्रपति से गुहार करेगा और जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रुख अख्तियार करेगा।

# सार्वजनिक प्याउ की कमी से बढ़ी बोतल बंद पानी की कीमत

**प्रदूषित जगह में स्वच्छ जल प्रदान करने की योजना फेल**

**पत्थलगांव, 3 जून।** शहर के सार्वजनिक जगह मे अब पहले की तरह प्याउ नजर नही आते। भीषण गर्मी के बीच सार्वजनिक प्याउ की कमी ने बोतल बंद पानी की कीमत बढा दी है। शहर के बस स्टैन्ड मे पहले नगर पंचायत के अलावा समाजसेवियों द्वारा सार्वजनिक प्याउ से मुसाफिरो को पानी पिलाया जाता था,परंतु समय के साथ-साथ अब यह परंपरा भी विलुप्त हो चुकी है। 250 से भी अधिक बसो के आवागमन का सबसे बडा बस स्टैन्ड मे नगर पंचायत द्वारा लगाया गया एक मात् वाटर कुलर ही अब मुसाफिरो की प्यास बुझाने का काम कर रहा है,परंतु प्रदुषित जगह मे स्वच्छ जल प्रदान करने के लिए लगाया गया वाटर ए.टी.एम के चारो ओर गंदगी पसरी हुयी है,जहा तक पहुंचने के लिए मुसाफिरो को काफी दिक्कत पैदा होती है,अक्सर मुसाफिर गंदगी के कारण वाटर कुलर से पानी लेना नही चाहते,जिसके चलते मुसाफिर अब बस स्टैन्ड के भितर बिकने वाली पानी की बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझाते है। बस स्टैन्ड के भितर कुछ दुकानदार ऐसे भी है जो खुली बोतल मे कुंअे या नल का पानी भरकर उसे बोतल बंद पानी के नाम पर मुसाफिरो को बेचकर धोखाखडी कर रहे है। सार्वजनिक प्याउ या नगर पंचायत द्वारा लगाये जाने वाले वाटर कुलर की कमी के कारण इन दिनो बोतल बंद पानी की बिक्री काफी बढ गयी है।



## 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**रायगढ़, 3 जून।** माननीय उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत आयोजित होना प्रस्तावित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित ऐसे मामले जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित हैं, जिन्हें राजीनामा के माध्यम से विशेष लोक अदालत में निराकृत कराये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है।

अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत के संबंध में आम नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु पैरालीगल वालिंटियर्स तथा थाना के सहयोग एवं समन्वय से सार्वजनिक स्थल में सहज दृश्य भाग पर पाम्प्लेट्स एवं बैनर लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में रायगढ़ जिलान्तर्गत चिन्हांकित 05 प्रकरणों में उभय पक्षकारों को संबंधित थाना एवं मचकुरी तथा पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से नोटिस की तामीली का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य से भिन्न राज्यों में निवासरत पक्षकारों को संबंधित राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नोटिस तामिली कराई जा रही है, जिसमें पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनका विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय परिसर रायगढ में वर्चुअल/फिजिकल प्रीसिटिंग 1 जून को किया जाना निर्धारित किया गया है। प्रीसिटिंग किये जाने हेतु प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ एवं वरिष्ठतम न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ को नामित किया गया।

## स्वास्थ्य केन्द्रों की उपलब्धियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित



रायगढ़, 3 जून। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों के भौतिक उपलब्धियों की समीक्षा हेतु आज स्वास्थ्य कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में शहरी क्षेत्र के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सूचकांको में कमी को 15 दिवस के भीतर पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैंठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री पी.डी.बस्तिया, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, शहरी प्राथ.स्वा.केन्द्र के समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला डाटा प्रबंधक, समस्त स्टाफ नर्स, सुपरवाईजर, सी.एच.ओ., ए.एन.एम., एम.पी.डब्ल्यू एवं जे.एस.ए.उपस्थित रहे।

# तम्बाखू उत्पाद की बिक्री पर 33 चालान काटे गए

**महासमुंद, 3 जून।** विश्व तम्बाखू निषेध दिवस 31 मई को राष्ट्रीय तम्बाखू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति विश्व तम्बाखू निषेध दिवस इस वर्ष भी मनाया गया। इस वर्ष का थीम तम्बाखू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों को बचाना है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया के निर्देशन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर तम्बाखू का नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों एवं उन मितानिनों को जिन्होंने नशा उन्मूलन के लिए पहल किया, उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्याम बालाजी महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरुकता कार्यशाला एवं चित्रकला प्रतियोगिया का आयोजन किया गया। जिसमें 70 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को तम्बाखू सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया व जिला तम्बाखू नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी दी गई।




साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया एवं प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में आए छात्रों को शील्ड बैग व प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान शपथ ग्रहण व एंटी टोबैको मॉनिटर बनाया गया एवं आईईसी वितरित की गई। इस उपलक्ष्य में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडे एवं अवधेश भारद्वाज द्वारा सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नाबालिकों के तम्बाखू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाखू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के तहत कुल 33 चालान काटे गए।

# सीआईएसएफ के जवान की पत्नी को ट्रेलर ने कुचला

**भिलाई, 3 जून।** भिलाई भट्टी थाना क्षेत्र बोरिया गेट पर भारी वाहनों की बेतरतीब आवाजाही और चौराहे को जाम करने की हरकत ने आखिरकार जान ले ही लिया। लोग लगातार हादसे की आशंका जाहिर कर रहे थे । बीएसपी, पुलिस प्रशासन और सीआइएसएफ का ध्यान आकृष्ट कराया,लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही थी सोमवार को सीआइएसएफ जवान की पत्नी को ही ट्रेलर ने कुचल दिया मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही सीआइएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी बंद कमरे से बाहर निकले और व्यवस्था सुधारने की बात करते दिखे। फिलहाल, शव को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्यूरी में रखा गया है पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा बताया जा रहा है कि उतई में तैनात सीआइएसएफ जवान संजय भोषले चुनाव ड्यूटी में कोलकाता गए हुए हैं। इधर, इनकी पत्नी बेटे के साथ चाइना मार्केट सामान लेने पहुंचीं। रोजमर्रा का सामान लेने के बाद जैसे ही बाइक सड़क पर आई, उसी समय एक ट्रेलर ने टक्कर मार दिया महिला बाइक से गिर गई और पहिए के नीचे सिर आ गया मौके पर ही मौत हो गई और सामान सड़क पर बिखर गया घटनास्थल पर पहुंचे बीएसपी कर्मचारी और यूनियन नेताओं ने खुलकर कहा कि यह हादसा नहीं हत्या है। लगातार इसकी आशंका जाहिर की जा रही थी। लेकिन, सीआइएसएफ भी पल्ला झाड़ रहा था। आज सीआइएसएफ जवान पर ही आफत आ गई है। बोरिया गेट पर सीआइएसएफ जवान रोज तमाशा देखते रहे। अब कमांडेंट से लेकर वरिष्ठ अधिकारी तक पहुंच गए और व्यवस्था सुधारने पर बात होने लगी है इसलिए हर कोई बोल रहा, हादसा नहीं हत्या हैज्मौके पर मौजूद बीएसपी के यूनियन नेताओं ने कहा कि व्यवस्था बनाने वालों ने बिगड़ी सड़क व्यवस्था पर ध्यान ही नहीं दिया। जबकि उनको बार-बार झकझोरा जा रहा था। समय पर वह जाग जाते तो शायद सीआइएसएफ जवान की पत्नी की जान नहीं जाती। इसलिए अब हर कोई बोल रहा है कि यह हादसा नहीं, हत्या है।

## ग्रीष्म काल में हैण्डपंप बंद होने की सूचना के लिए जिला एवं ब्लाक स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

रायगढ़, 3 जून। ग्रीष्म काल में हैण्डपंप बंद होने या जलापूर्ति बाधित होने की सूचना के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिससे संपर्क प्रभारी अधिकारी को शिकायत एवं सुझाव दे सकते है एवं समस्या का निवारण किया जा सकता है। इनमें विकासखण्ड रायगढ़ एवं पुसौर के लिए सहायक अभियंता श्री रमाशंकर कश्यप मोबा.नं.9131733921 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह विकासखण्ड खरसिया हेतु प्रभारी सहायक अभियंता कु.उमा सिदार मोबा.नं.7748023595, विकासखण्ड घरघोड़ा, तमनार एवं लैलूंगा हेतु सहायक अभियंता श्री आर.के.टण्डन मोबा.नं.75667-05216 तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ हेतु प्रभारी सहायक अभियंता श्री जे.सी.भगत मोबा नं.91310-44438 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। पेयजल समस्या के लिए दूरभाष नंबर 07762-222972 में कर सकते है संपर्क- ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07762-222972 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिए प्रभावी रहेगा। सहायक अभियंता श्री रमाशंकर कश्यप मोबा.नं.79877-18375 को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार श्री बाबू लाल पटेल मोबा.नं.97701-94004 तथा सहायक मानचित्रकार श्री आर.के.खलखो मोबा.नं.88393-90621 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है।

# माओवादियों के लगाये प्रेशर आईडी की चपेट में आकर ग्रामीण घायल



**बीजापुर,3 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादियों की कायराना करतूत एक बार फिर देखने को मिला माओवादियों द्वारा लगाए गए आईडी ब्लास्ट के चपेट में आकर एक ग्रामीण युवा भीमा माड़वी के दाहिने पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय को उक्त घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर घायल युवा एवं उनके परिजनों से भेंटकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और मौके पर उपस्थित डाक्टरों को तत्काल उचित और बेहतर ईलाज के लिए निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि भीमा माड़वी उम्र 22 वर्ष ग्राम छुटवाई स्कूल पारा का निवासी है जो 02 जून 2024 को अपने नीजि ट्रेक्टर की काम से तर्रेम की ओर आ रहा था। छुटवाई और गुण्डम के मध्य तोयानाला के पास ट्रेक्टर रोकर कर रोड किनारे लघुशंका के लिये गया जहां माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया।तोयानाला के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है जहां जवानों के द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही है। माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने की नीयत से लगाई गई थी ढ्ढश्वष्ठ कैम्प चिन्नागेलुर में जवानों को सूचना मिलने पर त्वरित उपचार हेतु कैम्प लाकर घायल ग्रामीण का उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बीजापुर के लिए रवाना किया गया है ।

## जिले के रक्तदाताओं को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

**बीजापुर 3 जून।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को राज्यपाल एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में राज भवन स्थित दरबार हाल में रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा उक्त अवसर पर जिले में सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से प्रविष्ठियां आमंत्रित की गई हैं इसके लिए सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता, महाविद्यालयीन विद्यार्थी, शासकीय कर्मचारी अपनी प्रविष्ठियां सादे कागज पर कार्यालय कलेक्ट्रेट भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा की ओर रक्तदान प्रमाण पत्र, फोटो, दस्तावेज सहित फोटो कापी कार्यालय मे जमा कर सकते है एंव पीडीएफ फाइल व्हाट्सएप नंबर 8839233915 मे दिनांक 6 जून 2024 रात 12ः00 तक भेज सकते हैं दस्तावेजों के अभाव पर एवं निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला संगठक भारतीय रेडक्रास सोसायटी बीजापुर श्री नरवेद सिंह ने दी है।

## बिजली एवं मौसम पूर्वानुमान की जानकारी देगी 'दामिनी एवं मेघदूत' एप

**रायगढ़, 3 जून।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने भारत सरकार के दामिनी एप एवं मेघदूत एप के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सर्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त तहसीलदारों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन आकाशीय बिजली घटित होने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान (20-31 किलोमीटर का दायरा)आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह मेघदूत एप मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान (तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि)से संबंधित है। जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते है। कलेक्टर श्री गोयल ने उक्त दोनों एप के उपयोग के संबंध में जिला/तहसील तथा ग्रामों में निवासरत पटवारी, शासकीय शिक्षक, पंचायत सचिव के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा कोटवार के द्वारा मुनादी करवाकर मोबाइल फोन पर डाउनलोड करवाने एवं उपयोगिता की मुनादी करवाकर जनसामान्य को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया है। किसानों की फसलों का कवच बन रहा हैं मेघदूत एप-मौसम विभाग में मेघदूत नाम का एक ऐप विकसित किया है जो किसान की फसलों का सुरक्षा कवच साबित हो रहा है। मेघदूत ऐप डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लांच किया गया है। इसका उपयोग बेहद सरल है, इसके माध्यम से मौसम की जानकारी के आधार पर किसानों को फसल जोखिम प्रबंधन से संबंधित सलाह मिलती है। इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से किसानों को डाउनलोड करना होगा और फिर अपने मोबाइल नंबर से पंजीकरण करके मौसम की जानकारी का अलर्ट पा सकते हैं।आकाशीय बिजली से किसानों को दामिनी ऐप से मिलेगी सुरक्षा-दामिनी एप को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे के द्वारा विकसित किया गया है, इस ऐप के माध्यम से किसान को आकाशीय बिजली से बचाव के तरीकों के संबंध में आधे घंटे पहले ही सूचना उपलब्ध हो जाएगी। इस ऐप पर रजिस्ट्रेशन करने के उपरांत किसान की लोकेशन के अनुसार उस स्थान से 10 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के बारे में ऑडियो संदेश एवं एसएमएस के माध्यम से अलर्ट मिलेगा।

## जून माह में अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे समस्त सेवा सहकारी संस्थाएं

**रायगढ़, 3 जून।** खरीफ विपणन वर्ष 2024 हेतु रायगढ़ जिले के अंतर्गत समस्त 69 सहकारी समितियों में खाद-उन्नत बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु शासन द्वारा दिशा-निर्देश प्राप्त हुए है। रायगढ़ जिले के समस्त किसानों को जिले के अंतर्गत स्थित 69 सहकारी समितियों से खाद-उन्नत बीज एवं ऋण की अग्रिम वितरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। डिप्टी कलेक्टर वास्ते कलेक्टर रायगढ़ ने जिले के समस्त कृषकों को सूचित करते हुए बताया है कि माह जून 2024 के समस्त अवकाशों में भी जिले के अंतर्गत संचालित समस्त सेवा सहकारी संस्थाएं खाद-उन्नत बीज एवं ऋण प्रदाय किए जाने हेतु खुले रहेंगे। रायगढ़ जिला अंतर्गत समस्त किसान अपने नजदीकी सहकारी समितियों में जाकर परमिट/रसीद कटाकर खाद-उन्नत बीज तथा खेती हेतु असक्षम किसानों के लिए फसलीय ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। जिससे जिले के किसानों को बुवाई के पूर्व/मानसून के पूर्व खाद-बीज एवं उन्नत बीज (यूरिया, डीएपी, एनपीके, सुपर-पोटास)तथा धन (फसलीय ऋण)की कमी न हो।

## तम्बाकू नियंत्रण, पान ठेलों पर की गई चालानी कार्रवाई

**रायगढ़, 3 जून।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, चक्रधर नगर के टी.आई श्री प्रशांत राव एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आज रायगढ़ जिले के शहरी क्षेत्र चक्रधर नगर में थाना सिग्नल चौक व डिग्री कालेज, भगवानपुर सीएमएचओ ऑफिस के पास स्थित पान ठेलाओं पर कोटपा एक्ट अधिनियम 2003 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले सार्वजनिक जगहों पर धुम्रपान का पालन नही करने वाले ठेलाओं पर चालानी कार्यवाही की गई, जिसमें 12 पान ठेलाओ में 2000 रूपये की राशि वसूली की गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तम्बाकू के प्रति बढ़ते हानिकारक एवं उसके दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।

# मंत्री के निर्देश को कूड़े में डालकर अवैध प्लाटिंग का खेल पिछले चार माह से जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 3 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा राजस्व मंत्रालय का कार्यभार संभालने के तत्काल बाद17,जनवरी 24,को संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार में विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे अवैध कालोनी निर्माण एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश तत्कालीन कलेक्टर श्री चंदन कुमार को दिए थे सांथ ही सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश बलौदाबाजार के अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने संबंधित निर्देश का पालन नहीं करते हुए राजस्व विभाग सिमगा, उप पंजीयक विभाग सिमगा, एवं नगर पंचायत सिमगा के संरक्षण एवं मिलीभगत से



रायपुर, बिरगांव, तिल्दा, भाटापारा एवं अन्य स्थानों के बड़े जमीन दलालों द्वारा सिमगा के स्थानीय लोकल जमीन दलालों के माध्यम से नगर के रायपुर, बिलासपुर रास्ट्रीय राजमार्ग में स्थित कालेज मार्ग में एवं नया बस स्टैंड के सामने तथा ब्लाक के कई ग्रामों में बेखौफ़ अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा था ।इस सिलसिले में वीरेन्द्र ताम्रकार पूर्व एल्डरमेन एवं पत्रकार द्वारा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ संपदा विनियामक संपदा (रेरा),कमिश्नर रायपुर संभाग रायपुर, एवं जिलाधीश महोदय बलौदाबाजार से शिकायत के बाद तथा दैनिक स्वदेश, देशबंधु, तरुण छत्तीसगढ़, क्रानिकल, में समाचार प्रकाशन के बाद नौकरशाहों एवं जमीन दलालों में हड़कम्प मच गया और अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया ।जिलाधीश के निर्देश के बाद राजस्व विभाग सिमगा द्वारा आनन फानन में तत्काल अवैध भू खण्डों के रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर रोक लगाई गई ।विदित हो कि संबंधित नौकरशाहों द्वारा मंत्री के निर्देश का पालन नहीं करते हुए भ्रष्ट आचरण अपनाकर बेखौफ़ पिछले चार माह से रजिस्ट्री एवं नामांतरण का कार्य जारी था ।मंत्री, उच्चाधिकारियों से शिकायत एवं समाचार प्रकाशन के बाद नौकरशाहों एवं जमीन दलालों की कलई खुल गई है ।भ्रष्ट नौकरशाह अपनी काली करतूतों पर पर्दा डालते हुए मजबूरी वश अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्रीयों और नामान्तरण पर रोक लगाने हेतु फरमान जारी करना पड़ा ।शिकायत के बाद मंत्री के निर्देश के चार माह बाद भी अवैध प्लाटिंग एवं कालोनी निर्माण का खेल जारी था उस पर अब विराम लग गया है ।जिससे कि भू माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है ।

## एक नजर

### नेटबॉल लीग में तरेंगा रायल्य प्रथम



**भाटापारा 3 जून।** अंचल में नेटबॉल खेल को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूक करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में दो दिवसीय नेटबॉल लीग मैच का आयोजन हुआ । आयोजन के प्रभारी एवं नेटबॉल प्रशिक्षक शरद पंसारी ने बताया कि इस आयोजन में बालक एवं बालिका का पृथक पृथक मैच का आयोजन किया गया जिसमें नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने भाग लिया । मैच के पुरुस्कार वितरण एवं समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर शशांत गुप्ता, श्री गिरीश वाढेर, अरुण गुप्ता, राजकुमार मल, आलोक गुप्ता थे । बालक वर्ग के लीग मैच में तृतीय स्थान पर तरेंगा टाइटंस, द्वितीय स्थान पर तरेंगा सुपर किंग तथा प्रथम स्थान पर तरेंगा रायल्स की टीम रही वहीं बालिका वर्ग में तृतीय स्थान पर तरेंगा स्ट्राइकर, द्वितीय स्थान पर तरेंगा बॉल ब्रेकर्स, तथा प्रथम स्थान पर तरेंगा बॉल बस्टर टीम प्रथम रहीं । सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्राफी अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया एवं खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आयोजन में मुख्य निर्णायक निर्मल जांगड़े, सुमन साहा,मनोज साहू, ओमकुमार, आकाश आनंद चित्ररेखा साहू ,हीना यादव, स्वाति वर्मा , नेहा पटेल, ढिगेश्वरी दिवाकर, वीरेंद्र साहू थे । मंच का संचालन सुमित सिंह के द्वारा किया गया ।

### ईवीएम, वीवीपैट एवं प्रपत्रों के सीलिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा, 3 जून ।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को मतों की गणना के पश्चात, ईवीएम, वीवीपैट एवं प्रपत्रों की सीलिंग के कार्य के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे ने बताया कि वीवीपैट मशीनों के साइड में लगे एड्रेस टैगों को सावधानी से काटें। इसके पश्चात् वीवीपैट की समस्त पर्चियां निकालकर काले लिफाफे में रखे जाएं। प्रत्येक मतदान केंद्र के वीवीपैट मशीन की सारी पर्चियां काले लिफाफे में रखीं जाएं तथा लिफाफे को अच्छे से सील बंद करें। उन्होंने बताया कि सीलिंग का कार्य निर्धारित की गई टीमें करेंगी। उन्होंने बताया कि गणना के पश्चात् वीवीपैट मशीनों से सावधानी पूर्वक बैटरी निकाली जाए तथा वीवीपैट मशीनों को सील किया जाए। इसके साथ ही कंट्रोल यूनिट को भी सील किया जाए। निर्वाचन संबंधी चार महत्वपूर्ण प्रपत्र-ईवीएम पेपर्स, स्क्रूटनी लिफाफे, परिणियत लिफाफे, अपरिणियत लिफाफे को सावधानी पूर्वक सील कर सुरक्षित रखा जाए। सीलिंग प्रक्रिया के पश्चात सभी प्रपत्र एवं मशीनों को उनके निर्धारित स्थल पर ही रखा जाए। संपूर्ण प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का विशेष रूप से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान नायब तहसीलदार,एएसएलआर, पटवारी आदि उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर स्थगित

**कोरबा, 3 जून।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार जिला स्तरीय 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर जो माह मई-जून 2024 में आयोजित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण, भाग लेने वाले नवोदित खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये जिला कोरबा में दिनांक 20 मई से 09 जून 2024 तक आयोजित होने वाली निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। आयोजन के संबंध में निर्देश पृथक से जारी किये जायेंगे।

### उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**कोरबा, 3 जून ।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत'' का आयोजन उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में किया जाना है। विशेष लोक अदालत हेतु उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित राजीनामा योग्य चिन्हांकित कुल 9 प्रकरणों की सूची प्राप्त हुई है। चिन्हांकित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत कराये जाने की संभावना तलाशने तथा उन्हें लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराया जाने का प्रयास करते हुये विशेष लोक अदालत की प्रीसिटिंग की कार्यवाही किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है।

# आस्था के प्रतीक चिन्हों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए किया जा रहा है सियान बैठका कार्यक्रम

- ■ ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विशेषकर युवा वर्गों की उपस्थिति में ग्राम में शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बनाने दी जा रही है, आवश्यक सलाह
- ■ किसी के भी बहकावे अथवा सोशल मीडिया आदि में फैलाई गई अफवाह के झांसे में ना आए, सभ्य समाज के प्रति अपने जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक करें निर्वहन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 3 जून।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्तमान समय में असमाजिक तत्वों द्वारा विभिन्न स्थानों में धार्मिक आस्था के प्रतीक चिन्ह, मंदिर एवं मूर्तियों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ रही है। इन घटनाओं को रोकने एवं ऐसे आपराधिक तत्वों की पहचान करने में आमजनों का भी योगदान अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह सभी आस्था के केंद्र सभी ग्रामों में स्थित होने के सांथ-सांथ ग्राम के आस्था का केंद्र बिंदु है। इन घटनाओं को रोकने एवं ग्रामों में सर्वधर्म वर्ग सम्मान एवं सांप्रदायिक सद्भाव का माहौल बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में, समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ÷सियान बैठका÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस बल द्वारा थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्रामवासियों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधि, विशेषकर युवा वर्ग के साथ बैठकर आस्था के प्रतीकों का सम्मान एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में आवश्यक समझाइश देते हुए जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस टीम द्वारा ग्रामों में बैठक का आयोजन कर समझाइस देते हुए बताय जा रहा है कि- विभिन्न धार्मिक ग्रंथों, धार्मिक गुरूजनों एवं महापुरुषों के अनुसार सर्वधर्म का सम्मान एक सभ्य समाज की पहचान है। आज हम किसी को सम्मान देते हैं तो उसके बदले में हमें भी सम्मान मिलता है। किसी भी धर्म अथवा वर्ग के आस्था के प्रतीक का अपमान, सभ्य समाज की निशानी नहीं है, ऐसा करके हम स्वयं, अपने धर्म एवं वर्ग को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्राम में स्थित धार्मिक मंदिर, मूर्तियों एवं आस्था के प्रतीक चिन्हों की सुरक्षा एवं उनका रखरखाव सर्वप्रथम हम ग्रामवासियों की ही जिम्मेदारी है, क्योंकि यह सभी धार्मिक एवं पूजनीय स्थल हमारे ग्राम के बीच एवं हमारे नजरों के सामने ही है। यदि हम इनमें आस्था रखते हैं, इनका पूजन करते हैं, तो उनका रखरखाव एवं सुरक्षा करना भी हमारा परम कर्तव्य है।

विभिन्न ग्रामों में विशेषकर युवा वर्गों को ग्राम में स्थित सभी धर्म एवं वर्गों के धार्मिक मंदिरों, आस्था के प्रतीक चिन्हों के प्रति आदर भाव रखना एवं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने हेतु समझाइस दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें मुख्य रूप से बताया जा रहा है, कि ऐसा कोई भी कार्य ना करें, जिससे आपका भविष्य बर्बाद हो जाय, अपने उज्जवल भविष्य, सर्वधर्म एवं वर्ग विशेष की आस्था के प्रति किसी भी प्रकार का खिलवाड़ ना करें। ग्राम में शांति एवं भाईचारा बनाए रखना युवा वर्ग के ही हाथ में है, क्या आज का युवा वर्ग इतना कमजोर हो गया है कि किसी के भी भड़कावे मे आकर या एक सोशल मीडिया के पोस्ट के झांसे में आकर किसी भी अन्य धर्म अथवा वर्ग का अपमान कर सकता है। इन बातों को अमल में लाकर ग्राम के युवा वर्गों को संयमित व्यवहार कर ग्राम, समाज, अपने धर्म एवं वर्ग के प्रति आदर भाव रख अपनी जिम्मेदारियों का भली भांति निर्वहन करने हेतु समझाइस दिया जा रहा है। जिले में सियान बैठका जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है।

## समाचार संक्षेप

### शादी करने का झांसा देकर आरोपी पीडिता से करता रहा बलात्कार

**बलौदाबाजार 3 जून।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थीया पीडिता द्वारा दिनांक 31.05.2024 को थाना सांकरा जिला महासमुंद आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि दिनांक 06.02.2024 को ग्राम रिखादादर थाना सांकरा के गोपीचंद महानंद पिता लोकनाथ महानंद ने पीडिता को ग्राम भगतदेवरी से बुलाकर अपनी मोटर सायकल में बिठाकर ग्राम रवान मानव कालोनी ले गया और पीडिता से शादी करूंगा कहकर दिनांक 06.02.2024 से 25.05.2024 के मध्य लगातार शारीरिक संबंध बनाया। प्रार्थीया कि रिपोर्ट पर थाना सांकरा में अपराध धारा 376,417 भादवि कायम किया गया। प्रकरण में पीडिता का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें पीडिता द्वारा अपने कथन में आरोपी गोपीचंद महानंद को जानना पहचानना बताई तथा आरोपी का पारिवारिक आना जाना होना बताई। आरोपी गोपीचंद महानंद द्वारा पीडिता को शादी करके पत्नि बनाकर रखूंगा बोलकर अपने मोटर सायकल में अपने साथ ग्राम रवान मानव कालोनी लेकर जाना तथा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना बताई। प्रकरण में पीडिता का मेडिकल मुलाहिजा कराया गया, प्रकरण में पीडिता द्वारा पेश किए आवेदन एवं बयान पर घटना स्थल थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार का होना पाये जाने से नम्बरी अपराध अपराध क्र.361/24 धारा 376,417 भादवि दिनांक 01/06/2024 को कायम किया जाकर आरोपी गोपीचंद महानंद का पता साजी कर सांकरा से हिरासत में लेकर थाना कोतवाली लाकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को दिनांक 02/06/2024 को विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में सउनि सी.आर.साहू, प्रआर. मन्नू ध्रुव, आर. कामदेव गायकवाड एवं मोहन मेश्राम का विशेष योगदान रहा।



### काउंटिंग ऑब्ज़र्वर की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर एवं गणना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

बलौदाबाजार 3 जून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त काउंटिंग ऑब्ज़र्बर श्री अविनाश जे. की उपस्थिति में रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायको को प्रशिक्षण दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कॉउंटिंग आब्जर्वर ने मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के एल चौहान भी उपस्थित थे। काउंटिंग आब्जर्वर श्री अविनाश जे. ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर का मुख्य कार्य मतगणना के दौरान किसी भी अनियमितता को रोकना और सही तरीके से गिनती की प्रक्रिया का पालन करना है। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देनी चाहिए। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रवेश और निकास की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की सही ढंग से जांच और सत्यापन किया जाना चाहिए। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और सभी अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय की अपील की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चौहान ने कहा कि मतगणना के दौरान सावधानी व सतर्कतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मतगणना में स्टेप बाई स्टेप सावधानी बरतना जरूरी है। कोई दिक्कत या संदेह हो तो तत्काल उच्च अधिकारी को जानकारी दें। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री एस के तिवारी ने मतगणना की बारीकियों तथा ईवीएम मतगणना का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया।

# अवैध महुआ शराब बनाने में कुख्यात बलोदा सबरिया डेरा में मारा गया छापा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 3 जून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार, द्वारा जिले में चलाए जा रहे सभी प्रकार के नशे के खिलाफ, विशेष अभियान सृजन के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के नेतृत्व में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि बलोदा सबरिया डेरा में भारी मात्रा में अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, शराब कोचियों द्वारा बिक्री की जा रही है। की सूचना पर थाना गिधौरी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए बलोदा सबरिया डेरा से अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?14,000 कीमत मूल्य का 70 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में अपराध क्र. 114/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।




# कलेक्टर की पहल पर बस स्टैंड एवं यात्री प्रतीक्षालयो में हुई शीतल पेयजल की व्यवस्था




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 3 जून।** कलेक्टर श्री के. एल. चौहान के निर्देश पर जिले के नगरीय निकायों के द्वारा बस स्टैंड,यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक भवनों में निःशुल्क शीतल पेयजल उपलब्ध काराना शुरू किया गया है। इन स्थानों पर शीतल पेयजल उपलब्ध होने से लोगों को काफी राहत मिल रही है। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री चौहान ने जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी बस स्टैण्ड, यात्री प्रतीक्षालय एवं सामुदायिक भवनों का समुचित निगरानी एवं देखभाल करने तथा इन स्थानों पर रुकने वाले यात्रियों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराते हुए यथासंभव पंखे की व्यवस्था करने के निर्देश एसडीएम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद सीईओ को दिए हैं। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में ठहरे किसी व्यक्ति के पास भोजन की उपलब्धता न हो तो नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से भोजन, ओआरएस घोल आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

## मतगणना की तैयारी हुई पूरी,कलेक्टर-एसपी ने निरीक्षण किया

# थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के बीच 6 सौ से अधिक अधिकारी,कर्मचारी करेंगे मतगणना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,3 जून ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 आम चुनाव अन्तर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मीडिया सेंटर,स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के केन्द्र बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने मतगणना स्थल का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। मतगणना की माकड्रिल आज सुबह 8 बजे की गई साथ ही 10 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को मतगणना स्थल का अवलोकन कराया गया है। इस दौरान कलेक्टर ने सहायक रिटर्निगं अधिकारियों को मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए है। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों,अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मतगणना हाल में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध होगी।अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसकी अलग से सूचना दे दी गई है।




मतगणना स्थल नवीन मंडी परिसर में ही प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के फोटोयुक्त प्राधिकार पत्र एवं संस्था से संबंधित पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। इसके बिना मीडिया सेंटर में प्रवेश पर पाबंदी है। मीडिया प्रतिनिधियों एवं मतगणना में लगे कर्मचारी अधिकारियों का प्रवेश बलौदाबार से सोनहाडीह की तरफ जाने वाले मार्ग के पहले गेट जिसे गेट क्रमांक 2 से बनाया गया है। केवल मीडिया प्रतिनिधियों को ही मोबाईल एवं सहायक उपकरण मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। मीडिया सेंटर में टीवी की भी व्यवस्था की गई है।

मतगणना स्थल पर तीन लेयर में होगी सुरक्षा व्यवस्था,कैमरों से भी होगी निगरानी,अलग-अलग होगी पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल,घड़ी पर प्रतिबंध

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 4 जून को नवीन मंडी परिसर बलौदा बाजार में प्रातः 07 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान मतगणना शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री चौहान के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। यहां जगह-जगह पर कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, लैपटॉप, आईपैड, हथियार,माचिस,ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर श्री के एल चौहान ने बताया कि जिले में विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। जहा पर मतगणना हेतु जांजगीर चांपा एवं रायपुर लोकसभा सह उप क्षेत्र विधानसभावार कक्ष तैयार किया गया है। जहा पर बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवम् कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए हैं। इन टेबलो से बलौदाबाजार में 22 राउंड,भाटापारा में 21 राउंड एवं कसडोल में 20 राउंड में मतगणना पूरी होंगी। मतगणना परिसर में सुरक्षा हेतु आवश्यक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कुल 03 चरणों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में जिला पुलिस बल तैनात रहेगा, यहां 100 मीटर के परिधि में किसी की भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।द्वितीय चरण में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स तैनात रहेंगे जिनके द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच की जाएगी।

### 4 जून मतगणना दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा, 3 जून ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना तिथि 04 जून 2024 दिन मंगलवार को संबंधित मतगणना क्षेत्रों में स्थित सभी देशीध्विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट-बार, होटल, बार, क्लब आदि को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 04 जून मतगणना दिवस को षुष्क दिवस घोषित करते हुए कोरबा नगर निगम क्षेत्र में स्थित मतगणना स्थल आईटी कॉलेज क्षेत्र बंद रखे जाने हेतु आदेषित किया है। देशी मदिरा दुकान अंतर्गत तुलसीनगर वार्ड, आईटीआई रामपुर, कोरबा, दादर, लालघाट, रूमगरा, मुड़ापार, सर्वमंगला, लाटा, गोपालपुर, गेवर, बांकीमोंगरा, भैरोताल शामिल हैं। इसी प्रकार विदेशी दुकान अंतर्गत टीपी नगर, निहारिका, कोरबा, लालघाट, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, बांकीमोंगरा, सर्वमंगला, प्रीमियम निहारिका तथा होटल बार अंतर्गत रिशु बार कोसाबाड़ी, सेंटरपॉइंट टीपी नगर, सत्कार कोरबा, रितुराज जमनीपाली, वन नाइट क्लब टीपी नगर सम्मिलित हैं।

**न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र........अ/74वर्ष 2022-23**
**पक्ष. सोनू पिता सियाराम शिकारी**
**मौजा ग्राम छिराही प.ह.नं 03**
**रा.नि.मं. व तहसील पलारी,**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोनू पिता सियाराम जाति शिकारी निवासी ग्राम छिराही तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम छिराही प.ह.नं. 03 स्थित भूमि कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.018 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋष्ण पुस्तिका गुम हो चुका है इसलिए आवेदक द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन मय, शपथ पत्र, थाना रिपोर्ट, बी-1 सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 14.06.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 30.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**पलारी**

## एक नजर

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर, 3 जून ।** बीएसयूपी कालोनी कचना में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से बीएसयूपी कचना निवासी प्रार्थी अरविंद दास 41 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पूर्व विवाद को लेकर आरोपी गणेश यादव, सूरज गोश्वामी व अन्य ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी सूरज गोश्वामी 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अरविंद दास अपने साला के साथ मिलकर पुराना पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने काऊंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 3 जून ।** विवेकानंद आश्रम स्थित सताक्षी मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अजय सिंह ठाकुर 30 वर्ष विवेकानंद आश्रम के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमजे 5228 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 15 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 3 जून ।** मंदिरहसौद पुलिस ने गन्ना बाड़ी के पीछे जुआ खेलते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 कार, 5 बाइक, नकदी 2 लाख 23 हजार सहित ताशपत्ती जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मोहदी रोड स्थित गन्ना बाड़ी के पीछे बड़ा जुआ का फड़ चल रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी रिंकू शिशोदिया 36 वर्ष सहित अन्य 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 कार, 5 बाइक, नकदी 2 लाख 23 हजार सहित ताशपत्ती जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

**रायपुर, 3 जून।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने बुढ़ा तालाब गार्डन के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जमुना दास जेठवानी 48 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी चेतन छूरा 28 वर्ष, गणेश्वर सोना 31 वर्ष, विनित ठाकुर 35 वर्ष व संतोष कुमार महोबिया 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राज यदु 22 वर्ष, शंकर पाल 38 वर्ष व अनिल वर्मा 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### 24 घंटे के लिए बंद रहेंगी शराब दुकान

**रायपुर 3 जून।** देशभर के कई हिस्सों में 4 जून को शराब की दुकानें बंद रहेगी। बता दें कि चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आने वाला है। जिसको लेकर चार जून को दिल्ली में सभी शराब दुकानें बंद रहेगी। वहीं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, रायगढ़ समेत सभी जिलों में भी शराब की दुकानें नहीं खुलेगी। बता दें 4 जून को रायपुर में देशी, विदेशी, बीयर, वाइन समेत अन्य तरह की कोई भी शराब नहीं मिलेगी।

### 21 किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर, 3 जून ।** टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के गेट नंबर 3 के पास 21 किलो 350 ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड के गेट नंबबर 3 के पास एक महिला संदिग्ध दिख रही है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ किया तो अपना नाम रूखसाना 40 वर्ष बताई। पुलिस ने आरोपिया के पास से रखे प्लास्टिक बोरी को चेक किए तो 21 किलो 350 ग्राम गांजा मिला। जिसकी कीमत करीब 4 लाख 27 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाना कांग्रेस का चरित्रः अरुण साव

**रायपुर, 3 जून ।** रायपुर। एक्जिट पोल पर सवाल उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का चरित्र रहा है. जब इच्छा के अनुकूल काम नहीं होता, तो संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाते हैं. एक्जिट पोल को दूर रखने का काम किया. किस-किस को दूर रखेंगे, जनता ने कांग्रेस को दूर कर दिया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि शुरू से हमने यह कहा था. कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के टिकट पर कोई चुनाव लड़ना नहीं चाहता था. चुनाव लड़ने से पहले कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी थी. जनता से नकारे हुए लोगों को कांग्रेस ने मैदान में उतारा. आखिरकार फिर से जनता ने उन्हें बता दिया, परिणाम देख रहे हैं. शेर जनता बनती है, ढेर भी जनता करती है. वहीं मतगणना के बाद इंडिया गठबंधन के भविष्य पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार करने वाली पार्टियों का गठबंधन है. जब गठबंधन था, तब से झगड़े चल रहे हैं।

# बीजेपी 400 पार के लिए महायज्ञ



**रायपुर 3 जून।** जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने वाला है उससे पहले बीजेपी के 400 पार के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रायपुर के प्राचीन काली मंदिर में महायज्ञ का आयोजन किया। इस महायज्ञ में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बीजेपी की जीत के लिए मां काली से प्रार्थना की। चुनाव परिणाम से पहले बीजेपी कार्यकर्ताओं ने 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य को लेकर रायपुर के प्राचीन काली मंदिर में महायज्ञ किया गया। महायज्ञ के दौरान पार्टी की सफलता और देश की प्रगति के लिए विशेष मंत्रों का जाप और हवन किया गया। इस महायज्ञ के माध्यम से बीजेपी ने अपनी एकजुटता और संकल्प को फिर से दोहराया है।

# सूने घर से 18 लाख के आभूषण उड़ाए, दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर 3 जून।** पुलिस नागपुर गए शख्स के सूने मकान से 18 लाख के आभूषण चोरी करने वाले मुल्जिम पकड़े गए। पुलिस ने दो चोरों को न केवल गिरफ्तार किया, बल्कि उनके कब्जे से चोरी हुए सोन के 30 तोला गहनों को भी जब्त किया है। प्रार्थी अब्राहम जॉन ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह उप महा लप्रबंधक एयर ट्रेफिक मैनेजमेंट के पद पर वर्तमान में गोंदिया में पदस्थ है तथा उसका अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में मकान है। प्रार्थी सपरिवार 26 मई को अपने घर में ताला लगाकर नागपुर गया था। घरेलू काम करने वाली बाई को घर के गेट का चाबी दिया था। 31 मई को काम करने वाली बाई ने फोन कर बताया कि घर का दरवाजा का कुंदा टूटा है। प्रार्थी अपने घर पहुंचकर देखा तो आलमारी के ऊपर रखा सूटकेश नहीं था, सूटकेश में सोने के जेवरात रखे थे। अज्ञात चोर प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर सूटकेश में रखे सोने के जेवरात को सूटकेश सहित चोरी कर ले गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर मेंधारा 457, 380 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन तथा निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को अज्ञात आरोपी




की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर के नेतृत्व में थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी, उसके घर में काम करने वाली बाई सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तरीका वारदात के आधार पर चोरी के प्रकरणों में हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

### प्रदीप मिश्र रविवि से सेवानिवृत्त



**रायपर 3 जून।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वित्त विभाग में कार्यरत श्री प्रदीप कुमार मिश्र सेक्शन आफिसर 31मई 2024 को अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण करते हुए वि वि की सेवा से सेवा निवृत हो गए । मिश्रा जी ने बताया कि वे 28 अगस्त 1983 को वि वि में नियमित कर्मचारी के रूप में नियुक्त होते हुए वि वि में सेवा प्रारंभ किए । वि वि में लगभग 42 वर्ष तक वि वि में सेवा देते हुए बेदाग सेवा निवृत होने को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते। इसके पूर्व आप वि वि में लगभग सवा साल तक दैनिक वेतन भोगी के रूप में भी कार्य किए हैं। आप वि वि में लगभग एक दर्जन से भी अधिक विभागो के विभागाध्यक्षों के साथ साथ रहते हुए अपना कार्य किए । वि वि में6 मार्च 2009 से 2017 तक लगातार निर्विरोध रूप से एवम 25 सितंबर 2019 से 22 अगस्त 2022 तक गुप्त मतदान प्रक्रिया से चुनकर / जीतकर कर्मचारी संघ के सचिव केरूप में कर्मचारिहित में निरंतर कार्य किए ।

# बिजली दर में वृद्धि वापस ले राज्य सरकारः बैज

**रायपुर 3 जून ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। कांग्रेस की सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ताओं का 40 से 50हजार रु तक की बचत हुई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार जन विरोधी सरकार है



और उनके फैसले हमेशा से जनता को आर्थिक चोट पहुंचाने वाला रहा है। भाजपा सरकार ने रजिस्ट्री में 30त्न छूट खत्म कर गरीबों के जमीन खरीदने के सपने को कुचला हैं व्यापारियों को 50 हजार की समान बेचने पर ई बिल की अनिवार्यता करके छोटे मंझोले व्यापारियों, रेवाड़ी, ठेला फेरी लगाने वालों को परेशान किया है। बिजली के दरों में की गई बढ़ोतरी का नुकसान हर वर्ग को होगा इससे गृहस्थ जीवन में खर्च बढ़ेंगे।व्यापारी उद्योगपति व्यवसायी को भी आर्थिक नुकसान होगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली गुल होना आम बात हो गई है आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की मांग कर रही है कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली की समस्या को लेकर जनता कभी सड़कों पर उतरी नहीं थी गर्मी के दिनों मे मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति किया जाता था। 5 महीने में ही बिजली की अव्यवस्था देखने को मिल रहा है। बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी सरकार से मांग हैं कि वो बिजली दरों में किए बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले।

### डेंटल सीडीई कार्यक्रम का सफल संचालन




**रायपुर 3 जून।** ईडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) रायपुर ने डेंटल लैमिनेट्स और वेनीर्स पर सीडीई कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस विधा के प्रसिद्ध विशेषज्ञ, दिल्ली के डॉ. अभिषेक शर्मा की ने डेंटल लैमिनेट्स और विनीर्स के अनुप्रयोग में नवीनतम प्रगति, तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं को विस्तार से बताया। डेंटल लेमिनेट्स मिनिमल इनवेसिव प्रिपरेशन से अच्छी स्माइल डिज़ाइन की लेटेस्ट तकनीक है । कार्यक्रम में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आई डी ए) रायपुर के अध्यक्ष डॉ आभाष शुक्ला सेक्रेटरी सोपान सिंह कोषाध्यक्ष डॉ प्रवेश गोयल। कार्यक्रम के कोर्डिनेटर डा विवेक,डा मोहित,डा वैभव,के अलावा150 से अधिक डेंटिस्टों ने मौजूद रहे। अंत मे डॉ आभाष शुक्ल ने कहा कि आईडीए रायपुर उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक कार्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे ।

# सीमेंट उद्योगों में पेयजल व शरबत सेवा प्रारंभ

**रायपुर 3 जून।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिशन द्वारा नवतपा को ध्यान मैं रखते हुए सभी ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर और अन्य नागरिकों सहित सभी के लिए प्रदेश की सभी सीमेंट प्लांट में शीतल जल और शरबत सेवा प्रारंभ की गई है उक्त




सेवा में अध्यक्ष अंजय शुक्ला द्वारा प्लांट वार सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है जेके लक्ष्मी- मलकीत सिंह , श्री सीमेंट -सनोज सिंह, हिरमी - आकाश गिलानी, रावन- रितेश जैन बैकुंठ - महेंद्र सेठिया, रिसदा नुवोको- गणेश जैसवाल , एसीसी -संदीप सिंह जी विनोद सिंह , अम्बुजा - विजय शर्मा, कुकुर्दी - जगदीश सिंघानिया, अरसमेता नूवोको - अरुण तुलस्यान। उक्त सेवा सुचारू रूप से चालू रहे इस हेतु अध्यक्ष अंजय शुक्ला ,सहित अशोक जैन ,सुधीर अग्रवाल ,इंद्रजीत सिंह ,अमित सूरी ,अनुराग जैन ,सुमित अग्रवाल सहित cctwa के समस्त सदस्य प्रयासरत हैं।

### मोदी के माथे पर जनता लगा रही है विजय तिलकः बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर, 3 जून ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने देश में हुए लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एग्जिट पोल से यह साबित हो रहा है कि भारत की जनता नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व पर अपनी मोहर लगाते हुए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। वहीं विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर देश की अखंडता के साथ खिलवाड़ करने वाले, धर्म एवं समाजों में भेद कराने वाले, भ्रष्टाचार करके जेल जाने वालों की पार्टी कांग्रेस व उनके गठबंधन दलों को देश की सत्ता से दूर ही रख रही है।

बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भी लोकसभा चुनाव में 11 में से 11 सीटें भाजपा को सौंप रही है। जनता का यह निर्णय निश्चित तौर पर भाजपा के सुशासन,विकास और सुरक्षा के संकल्प को समर्थन देना ही है। बृजमोहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती। भाजपा का ध्येय राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा करना है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की हमारी सरकार ने बगैर भेदभाव के देश के जनता की सेवा की। उनके विकास, उनकी सुरक्षा, उनके भविष्य की चिंता करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें प्रदान किया। फल स्वरुप आज देखिए देश की जनता का आशीर्वाद पुनः भाजपा को मिल रहा है।

# चौधरी के कार्य युवाओं के लिए प्रेरणादायकः योगेश



**रायपुर 3 जून।** सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्टीय अध्यक्ष व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के सरकारी निवास पहुंचकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने मंत्री ओपी चौधरी को जन्मदिन की बधाई एवं शभकामनाएं दी । इस अवसर पर मंत्री जी ने योगेश तिवारी व अपने समर्थकों के बीच केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि 13 साल तक आईएएस की नौकरी करने के बाद राजनीति को अपना अपना रास्ता चुना। कैबिनेट मंत्री बनने के बाद ओपी चौधरी जी लोगों की सेवा में जुट गए हैं। काम के प्रति उनकी निष्ठा युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर के. सूरज, गौतम शर्मा, रवि गड़पले, बिदित शर्मा, बेद प्रताप सिंग, कुशल गोसॉमी, गिरी राव, माधव साहू, शिवम दूबे, गुलशन साहू, बबलू साहू पप्पू साहू, दीपेश भाऊ, भोला साहू, अजय शर्मा, पियूष शर्मा, पुनीत पांडे उपस्थित रहे।

# समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षा देना जरूरीः साय

**रायपुर, 3 जून ।** बालोद जिले के हीरापुर में आयोजित निषाद (केंवट) समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे. इस दौरान सीएम साय ने समाज के विकास के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के बच्चों को शिक्षा की बहुत आवश्यकता होती है. इसलिए समाज के लोगों से आग्रह है कि अपने बेटे-बेटियों को खूब पढ़ाएं. हमारे विद्वानों ने कहा है शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है. मानव को अगर किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ना है तो शिक्षा बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं है बल्कि समाजसेवा के लिए, अच्छी राजनीति के लिए, अच्छी खेती-बाड़ी के लिए, अच्छे व्यापार के लिए है. कोई भी क्षेत्र में अच्छा काम करना है तो शिक्षा बहुत जरूरी है. इसलिए समाज



के लोगों से आग्रह है कि सब अपने बेटे-बेटी को स्कूल भेजें, अच्छी शिक्षा दें.

समाज के विकास में नशाखोरी को बहुत बड़ा बाधक बताते हुए सीएम साय ने कहा कि आज युवा वर्ग नशाखोरी को ओर आगे बढ़ रहा है. जिसको आपको-हमको मिलकर रोकने की जरूरत है. नशाखोरी से घर में कलह होता, मारपीट जैसी घटनाएं होती है और कभी-कभी नशे के गिरफ्त में आकर युवा जघन्य घटनाओं को भी अंजाम देते हैं. जो समाज के लिए हानिकारक है. उन्होंने समाज के लोगों से अपने-अपने बच्चों पर निगरानी रखने और उनकी गतिविधियों पर ध्यान रखने की बात कही.

विष्णु देव साय ने कहा कि भगवान राम और निषादराज का गहरा रिश्ता है. छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और ये माता कौशल्या की धरती है. इसलिए प्रभु राम हमारे भांजे हैं. उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के रामभक्तों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने की बात कही. निषाद समाज द्वारा आई मांग पर ष्टरू साय ने कहा कि आचार संहिता के कारण अभी मांग को पूरा करने की घोषणा नहीं कर रहा हूं, लेकिन आप सभी का मांगपत्र मेरे पास है. मैं आश्वस्त करता हूँ कि आचार संहिता हटते ही सबको पूरा किया जाएगा. हमारी सरकार किसी को निराश नहीं करेगी. मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों से कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मुझे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व मिला है. मैं गांव के एक छोटे से किसान का बेटा हूं. जिसको आज इतने बड़े पद में मेरी पार्टी और हमारे प्रधानमंत्री ने बैठाया है. आज छत्तीसगढ़ की जो तीन करोड़ जनता है उसके विश्वास में एक मुख्यमंत्री होने के नाते खरा उतरूं, इसके लिए मुझे राजा रामचंद्र का, सीता माता का, निषादराज का आशीर्वाद चाहिए. सीएम साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ बहुत ही धनी प्रदेश है, खनिज सम्पदा से भरपूर है. यहाँ आयरन ओर, कोयला, सोना, टिन, हीरा और भी कई खनिज हैं। सौ से भी ज्यादा वन सम्पदा हमारे छत्तीसगढ़ में है. यहाँ की धरती माटी उपजाऊ है और आप सभी मेहनतकश किसान हैं. हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाएँगे. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी भी समाज या व्यक्ति को निराश नहीं करेगी. आप लोगों ने हमें सरकार में बैठाया है आपके हर समस्या का समाधान हमारी सरकार करेगी.




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26